राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in




# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 191
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 06 जून 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 ग्रेटर नोएडा में बिल्डिंग की दीवार गिरी, 3 मजदूरों की मौत
पेज 4 यूपी में गंगा दशहरा पर 11 की डूबकर मौत
पेज 6 डब्ल्यू.पी.एल और प्रदेश लीग ने दिखा दिया कि महिला क्रिकेट से

## संक्षिप्त खबरें

### साकेत कोर्ट के लॉकअप में कैदी की हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली की साकेत कोर्ट के लॉकअप में दो कैदियों ने गुरुवार को एक कैदी की हत्या कर दी। दिल्ली पुलिस के मुताबिक 5 जून को साकेत कोर्ट लॉक-अप के खारजा नंबर 5 में मारपीट की घटना हुई। जितेन्द्र और जयदेव तिहाड़ जेल नंबर 8 में बंद थे और उन्हें कार्यवाही के लिए पेशी पर लाया गया था। अमन को कोर्ट में पेशी के लिए लॉक-अप में लाया गया था। घटना के समय अमन समेत कई कैदी खारजा के अंदर मौजूद थे। इन लोगों ने अमन को लात-घूसे मारे और उसका सिर दीवार पर पटक दिया। दिल्ली पुलिस बोली कि जितेन्द्र और अमन के बीच मारपीट के कारण पुरानी दुश्मनी थी, जो 2024 में हुई थी, जब वे दोनों जेल से बाहर थे।


### राजस्थान के हेल्थ-मिनिस्टर की पत्नी की साइलेंट अटैक से मौत

**जयपुर।** राजस्थान के हेल्थ मिनिस्टर गजेंद्र सिंह खींवसर की पत्नी प्रीति कुमारी की साइलेंट अटैक से गुरुवार सुबह मौत हो गई। प्रीति कुमारी रात को खाना खाकर सोई थीं। सुबह नहीं उठी तो परिजन ने उन्हें उठाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने कोई रिस्पॉन्स नहीं किया। घरवाले उन्हें नजदीक के प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर गए, यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह 9 बजे खींवसर में होगा। डॉक्टरों का कहना है कि प्रीति कुमारी को साइलेंट अटैक आया था, इसके कारण सोने के बाद उनकी डेथ हो गई।



## हैप्पी मॉर्निंग

पलटू- अंकल, मुझे पीएचडी की डिग्री मिल गई है, अब आप मेरा उधारी वाला खाता निकालो।
दुकानदार- अरे बहुत अच्छा, आज सारा हिसाब चुकता करोगे क्या?
पलटू- नहीं अंकल,
बस खाते में मेरे नाम के आगे डॉक्टर लगा दो। पलटू- की बात सुनकर दुकानदार ने लट्ठ उठाकर उसको जमकर कूटा।



## शायरी

अगर जातिवाद एक पहाड़ है
तो हम भी दशरथ मांझी हैं,
याद रहे, जब तक तोड़ेंगे नहीं
तब तक छोड़ेंगे नहीं।

## अर्थसार



सेंसेक्स:
81,442.04
+443.79 (0.55%)
निफ्टी:
24,750.90
+130.70

## मौसम



अधिकतम : 36 डिग्री से0
न्यूनतम : 26 डिग्री से0
सूर्योदय शनिवार : 5 : 24
सूर्यास्त शुक्रवार : 7 : 18

### सांसद महुआ मोइत्रा ने बीजद नेता से शादी की

**नई दिल्ली/कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस की चर्चित सांसद महुआ मोइत्रा ने बीजद नेता पिनाकी मिश्रा से दूसरी शादी कर ली है। गुरुवार सुबह सोशल मीडिया पर शादी की एक तस्वीर सामने आई। रात में महुआ ने एक्स पर खुद भी एक फोटो शेयर की। साथ में कैप्शन लिखा, प्यार और शुभकामनाओं के लिए आप सभी का धन्यवाद!! बहुत आभारी हूं। दावा किया जा रहा है कि महुआ और पिनाकी ने 3 मई को ही जर्मनी में शादी कर ली थी। हालांकि, सेरेमनी को पूरी तरह से प्राइवेट रखा गया था। महुआ 50 साल की हैं। वह बंगाल के कृष्णानगर से दो बार की सांसद हैं।

# बेंगलुरु भगदड़ : पुलिस कमिश्नर समेत 8 अफसर सस्पेंड

## सीएम बोले- रिटायर्ड जज जांच करेंगे; अरसीबी और इवेंट एजेंसी के अफसरों की गिरफ्तारी के आदेश

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु भगदड़ मामले में सीएम सिद्धारमैया ने पुलिस को अरसीबी और डीएनए इवेंट मैनेजमेंट एजेंसी के अफसरों को अरेस्ट करने का आदेश दिया है। साथ ही बेंगलुरु के पुलिस कमिश्नर समेत 8 अफसरों को सस्पेंड कर दिया है।

सस्पेंड किए गए अधिकारियों में पुलिस कमिश्नर के अलावा एडिश्नल पुलिस कमिश्नर, कब्बन पार्क थाना प्रभारी,एसीपी, डीसीपी सेंट्रल डिवीजन, क्रिकेट स्टेडियम प्रभारी, स्टेशन हाउस मास्टर, स्टेशन हाउस




ऑफिसर शामिल हैं।

सीएम सिद्धारमैया ने कहा- मामले की जांच के लिए हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज माइकल डी'कुन्हा की अध्यक्षता में एक सदस्यीय जांच आयोग बनाया गया है। आयोग 30 दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपेगा।

आरसीबी के इस कार्यक्रम के आयोजन में जो लोग जिम्मेदार थे, उन पर भी कार्रवाई होगी। इवेंट मैनेजमेंट एजेंसी डीएनए, केएससीए के अफसरों की गिरफ्तारी होगी।

### कर्नाटक सरकार ने हाईकोर्ट को स्टेटस रिपोर्ट सौंपी

इससे पहले कर्नाटक सरकार ने गुरुवार को हाईकोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट सौंपी। इसमें बताया कि केस की जांच अब सीआईडी करेगी और एसआईटी (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम) भी बनाई जाएगी।


सरकार ने बताया कि भगदड़ मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, डीएनए इवेंट मैनेजमेंट कंपनी और कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। इन पर विक्ट्री परेड के दौरान आपराधिक लापरवाही का आरोप लगाया गया है।

एफआईआर में कहा गया है कि भगदड़ की घटना अव्यवस्था और जिम्मेदार एजेंसियों की लापरवाही की वजह से हुई। उधर, इस मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। एक्टिंग चीफ जस्टिस वी कामेश्वर राव और जस्टिस सी एम जोशी बेंच ने राज्य सरकार को हादसे पर स्टेटस रिपोर्ट पेश करने को कहा है। अब अगली सुनवाई 10 जून को होगी। वहीं, याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट से कहा, राज्य सरकार को यह बताना चाहिए कि आरसीबी के खिलाड़ियों को सम्मानित करने का फैसला किसने लिया है। जो खिलाड़ी देश के लिए नहीं खेलते, उन्हें सम्मानित करने की क्या मजबूरी थी।

### पंजाब के जसबीर के मोबाइल में 150 पाकिस्तानी नंबर मिले

**चंडीगढ़।** पंजाब में पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर जसबीर सिंह के मोबाइल में पाकिस्तान के 150 कॉन्टैक्ट नंबर मिले हैं। इतना ही नहीं, उसका हिसार (हरियाणा) की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के साथ भी कनेक्शन मिला है। यूट्यूब पर अपलोड एक वीडियो में जसबीर सिंह, ज्योति मल्होत्रा के साथ पाकिस्तान में शॉपिंग करता दिख रहा है। फिलहाल, यूट्यूबर को 3 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। जसबीर (41) जिला रोपड़ के माहलां गांव का रहने वाला है। पुलिस का दावा है कि नंबरों की जांच चल रही है।

### गंगा दशहरा



वाराणसी में गंगा दशहरा के अवसर पर लोग गंगा नदी में पवित्र डुबकी लगाते हैं।

# पूर्वोत्तर में बाढ़-लैंडस्लाइड, 11 दिन में 49 लोगो की मौत

## मध्य प्रदेश समेत 25 राज्यों में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश के पूर्वोत्तर राज्यों में लगातार बारिश से बाढ़ और लैंडस्लाइड की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। असम में बुधवार को बाढ़ में दो और लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही 24 मई को मानसून आने के बाद से राज्य में अब तक 19 लोगों की जान गई है। 21 जिलों में 6.8 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं।

अरुणाचल प्रदेश में अब तक 12 लोगों की जान गई है, जबकि दो लोग लापता हैं। उनकी तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। पिछले 11 दिनों में पूर्वोत्तर राज्यों में कुल 49 लोगों की जान जा चुकी है। इसमें असम में 19, अरुणाचल प्रदेश में 12, मेघालय और मिजोरम में 6-6, सिक्किम में 3, त्रिपुरा में 2 और नगालैंड में एक व्यक्ति की मौत हुई है।

इधर, मानसून अब भी महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर ही रुका है। यह 10 जून तक मध्य प्रदेश पहुंचेगा, हालांकि राज्य में बारिश का दौर शुरू हो



गया है। बुधवार को भोपाल, शाजापुर, छिंदवाड़ा, राजगढ़, सागर, सतना, धार और दमोह में बारिश हुई। राज्य में 6 जून तक बूंदाबांदी जारी रहने के आसार हैं।

राजस्थान में भी बुधवार को कई जगहों पर आंधी-बारिश होने के साथ और ओले गिरे। इसके चलते बाड़मेर और जैसलमेर को छोड़कर सभी शहरों में तापमान 40 डिग्री से नीचे रहा। मौसम विभाग ने गुरुवार को राज्य के 22 जिलों में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

आईएमडी ने गुरुवार को कुल 25 राज्यों में आंधी के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। ओडिशा और राजस्थान के कुछ हिस्सों में हीट वेव का अलर्ट भी है। राजस्थान में 6 जून के बाद 3 से 5 डिग्री तापमान बढ़ने की आशंका भी है।

# 1 करोड़ के इनामी नक्सली सुधाकर मारा गया

## बीजापुर में एनकाउंटर के बाद सर्चिंग जारी; तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में वांटेड था

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर के नेशनल पार्क एरिया में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। इसमें केंद्रीय कमेटी मेंबर सुधाकर उर्फ नर सिंहाचलम मारा गया है। वो तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में वांटेड था। सुधाकर पर 1 करोड़ रुपए का इनाम भी घोषित है।

बताया जा रहा है कि, नेशनल पार्क एरिया में माओवादियों के बड़े कैडर की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षाबल निकले थे।

सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम में डीआरजी, एसटीएफ और कोबरा के जवान शामिल हैं।

### नक्सलियों के प्रेस इंचार्ज की भी मौजूदगी की खबर

टीम जब सर्चिंग में निकली तो इसी दौरान घात लगाए बैठे नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में जवानों ने भी गोलीबारी की। मुठभेड़ के बाद पूरे इलाके में



जवानों की सर्चिंग जारी है। नक्सलियों के तेलंगाना स्टेट कमेटी में प्रेस इंचार्ज बंडी प्रकाश समेत बड़े स्तर के नक्सलियों की मौजूदगी की खबर है।

### लगातार बड़े नक्सली लीडर मारे जा रहे

इससे पहले 21 मई को हुई मुठभेड़ में 27 नक्सली मारे गए। इसमें 1.5 करोड़ का इनामी बसवा राजू भी था।

21 मई की मुठभेड़ से 7 दिन पहले पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर करेंगुट्टा ऑपरेशन की भी जानकारी दी थी। इसमें 31 नक्सलियों को मार गिराया था।

छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर स्थित करेंगुट्टा के पहाड़ों पर सुरक्षाबलों ने 24 दिनों तक ऑपरेशन चलाया था।

# रीवा में ऑटो पर पलटा ट्रक, 7 लोगो की मौत



## ओवरटेक करने के चक्कर में हादसा, प्रयागराज से गंगा स्नान कर लौट रहे थे ऑटो सवार

**रीवा।** रीवा में सीमेंट पिलर से लदा एक बल्कर ट्रक ऑटो पर पलट गया। हादसे में ऑटो सवार 7 लोगों की मौत हो गई। 4 लोगों की तो मौके पर ही जान चली गई। एक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। जबकि 2 लोगों की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मरने वालों में 4 बच्चे, एक महिला और दो पुरुष शामिल हैं। हादसे में 3 लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस के अनुसार, ऑटो में कुल 10 लोग सवार थे। सभी मऊगंज के नई गढ़ी के रहने वाले थे और प्रयागराज से गंगा स्नान कर लौट रहे थे। बल्कर भी प्रयागराज से रीवा की ओर आ रहा था। यूपी-एमपी के बॉर्डर पर सोहागी घाटी से गुजरते वक्त ट्रक ने ऑटो को ओवरटेक किया। इसी दौरान अनियंत्रित होकर वह ऑटो के ऊपर पलट गया।

एडिशनल एसपी विवेक लाल ने बताया कि हादसे के कारण सोहागी पहाड़ से टोल प्लाजा तक करीब तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जिसे आधे घंटे की मशक्कत के बाद खुलवाया जा सका।

### सीएम ने जताया दुख, पीड़ितों को मुआवजा देने का ऐलान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मऊगंज जिले की इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है।

### दिल्ली हाईकोर्ट बोला- फीस नहीं देने पर धमका नहीं सकते

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को फीस नहीं देने के कारण 31 स्टूडेंट्स को सस्पेंड करने के मामले में द्वारका के दिल्ली पब्लिक स्कूल को फटकार लगाई। जस्टिस सचिन दत्ता की सिंगल बेंच ने कहा कि स्कूल फीस नहीं देने पर बच्चों को धमकाया नहीं जा सकता। इस तरह की हरकतें मेंटल हैरेसमेंट के बराबर हैं और स्टूडेंट्स के आत्म-सम्मान को ठेस पहुंचाती है। कोर्ट ने कहा, स्कूल सिर्फ कमाई का जरिया नहीं है। इसका पहला मकसद बच्चों को शिक्षा देना और नैतिक मूल्यों को विकसित करना है, न कि एक कॉमर्शियल इंटरप्राइज के रूप में काम करना। भले ही स्कूल अपनी सेवाओं के लिए फीस लेता है, लेकिन उसे सिर्फ कॉमर्शियल संस्थान के बराबर नहीं माना जा सकता।

# दिल्ली में 5 महीने के बच्चे की कोरोना से मौत

## 4 राज्यों में एक दिन में 437 मरीज मिले; देश में 4866 एक्टिव केस, 51 मौतें

- दिल्ली में इस साल 1 जनवरी से अब तक कोरोना से सात मौतें हुई हैं।

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गुरुवार को दिल्ली में कोविड से जुड़ी दो और मौतें दर्ज की गईं।

इनमें एक पांच महीने का बच्चा भी शामिल है। दिल्ली में केरल के बाद कोरोना के सबसे ज्यादा एक्टिव 562 केस हैं।

दिल्ली में इस साल 1 जनवरी से अब तक कोरोना से सात मौतें हुई हैं। देश में कोरोना से मौत का आंकड़ा 51 पहुंच गया है। बुधवार को कोरोना से कुल 7 लोगों की जान चली गई। इनमें महाराष्ट्र में तीन, दिल्ली-कर्नाटक में दो-दो मौतें।

बुधवार को दिल्ली सहित 15 राज्यों में 564 मरीज मिले, इनमें से 437 मामले सिर्फ 4 राज्यों से हैं। केरल में सबसे ज्यादा 114, कर्नाटक में 112, पश्चिम बंगाल में 106 और दिल्ली में 105 केस सामने आए। इस तरह देश में एक्टिव केस की संख्या 4866 हो गई है। इस बीच, केंद्र सरकार गुरुवार को देश भर के राज्यों के चुनिंदा



अस्पतालों में मॉक ड्रिल करेगी। इस दौरान इन अस्पतालों में ऑक्सीजन सप्लाई, जरूरी दवाओं की स्थिति और वेंटिलेटर की व्यवस्थाओं को परखा जाएगा। इससे बनी रिपोर्ट में कोरोना की चौथी लहर आने की स्थिति में अस्पतालों की तैयारियों पर रेटिंग दी जाएगी। इससे पहले 2 जून को एक शुरुआती मॉक ड्रिल हुई थी। इसमें हेल्थ सर्विस इन्फ्रास्ट्रक्चर की उपलब्धता के लिए अस्पतालों की रेटिंग दी गई थी। इसमें लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन टैंक, प्रेशर स्विंग एडजॉर्पशन प्लांट और मेडिकल गैस पाइपलाइन सिस्टम पर फोकस किया गया था।

### ऑपरेशन ब्लू स्टार

## दल खालसा का रोष मार्च, कल बंद रहेगा जिला; जीएनडीयू ने परीक्षाएं की स्थगित

# ऑपरेशन ब्लू स्टार बरसी, अमृतसर में उठी खालिस्तान की मांग

अमृतसर। ऑपरेशन ब्लू स्टार की बरसी के मद्देनजर दल खालसा की तरफ से 6 जून शुक्रवार को अमृतसर बंद का आहवान किया गया है। इससे पहले आज शाम दल खालसा की तरफ से अमृतसर के आसपास के एरिया में रोष मार्च निकाला गया। जहां खालिस्तान की मांग रखी गई और इसे लेकर नारे भी लगाए गए। खालिस्तान के झंडे लेकर दल खालसा समर्थक सड़कों पर उतरे।

ब्लू स्टार ऑपरेशन की बरसी को लेकर सुरक्षा एजेंसियां भी सतर्क हो गईं और शिक्षण संस्थानों ने भी इसे लेकर सावधानी के तौर पर कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। गुरु नानक देव




यूनिवर्सिटी ने अपने सभी कॉलेजों में 6 जून को होने वाली परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है।

### गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी में परीक्षाएं स्थगित

गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी की तरफ से जारी आदेशों के अनुसार, 6 जून को होने वाली सभी वार्षिक और सेमेस्टर परीक्षाओं को प्रबंधकीय कारणों के चलते स्थगित किया गया है।

ये सभी थ्यूरी परीक्षाएं अब 20 जून को शुक्रवार को पहले निर्धारित समय के अनुसार परीक्षा केंद्रों में होंगी।

इस संबंधित सारी जानकारी स्टूडेंट्स यूनिवर्सिटी वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

### पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

वहीं, पुलिस सुरक्षा के मद्देनजर लगातार फ्लैग मार्च निकाल रही है। पुलिस ने बीती शाम भी अमृतसर में गोल्डन टेंपल के आसपास के एरिया में फ्लैग मार्च निकाला। दल खालसा ने भी आज शाम को घल्लूघारा मार्च निकालने का ऐलान किया है, जो शहर के विभिन्न बाजारों से गुजरता हुआ श्री अकाल तख्त पर समाप्त होगा।

ऑपरेशन ब्लू स्टार की बरसी को लेकर लगभग 4 हजार पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे, जिनमें पंजाब आर्म्ड पुलिस के जवान भी शामिल होंगे। अमृतसर में 62 स्थानों पर नाके स्थापित किए जाएंगे। जिनमें 14 नाके गोल्डन टेंपल के आसपास और रास्तों में होंगे।

20 नाके शहर के भीतर, 10 नाके शहर के बाहरी इलाकों में और 10 नाके शहर में आने-जाने वाले मुख्य मार्गों पर होंगे।

52 नाकों पर पुलिस 24 घंटे तैनात रहेगी। लगभग 40 डीएसपी और एसपी स्तर के अधिकारी निगरानी पर रहेंगे।

# राफेल फाइटर जेट की बॉडी भारत में बनेगी

**नई दिल्ली।** राफेल फाइटर जेट की मेन बॉडी अब हैदराबाद में बनेगी। इसे फ्यूजलाज कहा जाता है। भारत की टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड ने इसके लिए फ्रांस की कंपनी डसॉल्ट एविएशन के साथ चार प्रोडक्शन ट्रांसफर एग्रीमेंट साइन किए हैं।

राफेल की पहली फ्यूजलाज यूनिट 2028 में असेंबली लाइन से बाहर आएगी। हैदराबाद में बनाए जा रहे मैन्युफैक्चरिंग प्लांट से हर महीने दो पूरी मेन बॉडी तैयार होने की उम्मीद है। टाटा और डसॉल्ट की ये साझेदारी भारत के रक्षा क्षेत्र में निजी कंपनियों की भागीदारी को बढ़ाएगी। डसॉल्ट ने कहा कि ये प्रोजेक्ट भारत और फ्रांस के



बीच रक्षा सहयोग का एक बड़ा कदम है।

इससे भारत में रक्षा उपकरण बनाने की क्षमता बढ़ेगी और स्थानीय इंजीनियर्स को विश्व स्तरीय तकनीक सीखने का मौका मिलेगा। ये पहली बार होगा जब राफेल की मेन बॉडी फ्रांस के बाहर बनेगी।

# ग्रेटर नोएडा में बिल्डिंग की दीवार गिरी, 3 मजदूरों की मौत

## मलबे से 2 मजदूरों को बाहर निकाला गया; ठेकेदार अरेस्ट



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में बड़ा हादसा हो गया। आसरा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की बिल्डिंग के बेसमेंट में कंस्ट्रक्शन चल रहा था। खोदाई के दौरान बगल की बिल्डिंग की दीवार ढह गई।

इस हादसा में काम कर रहे 5 मजदूर दब गए। लोग वहां पहुंचे, पुलिस को कॉल किया गया। लोग खुद ही मलबा हटाने लगे। शुरुआत में बताया गया कि कई मजदूर दबे हैं, धीरे-धीरे करके 5 मजदूरों की बॉडी को बाहर निकाला जा सका। इसमें 3 मजदूरों की मौत हो गई, 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है। ये हादसा ग्रेटर नोएडा के ईको टेक प्रथम इलाके में गुरुवार शाम 4 बजे हुआ है। पुलिस ने ठेकेदार को अरेस्ट किया है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

### पूरा मामला सिलसिलेवार पढ़िए...

आसरा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की बिल्डिंग निर्माणाधीन है। गुरुवार को बेसमेंट की खोदाई चल रही थी। आरोप है कि ठेकेदार ने लापरवाही की थी। गलत खोदाई होने की वजह से बगल की बिल्डिंग की दीवार ढह गई। अभी कुछ दिन पहले बारिश हुई थी, जिसकी वजह से बराबर की दीवार गीली थी, जब यह मजदूर काम कर रहे थे तो बराबर वाली कंपनी की दीवार उनके ऊपर गिर गई। जिसमें 5 मजदूर दब गए। लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर मौजूद लोगों ने 30 मिनट तक अपने हाथों से मलबा हटाया और 1-1 करके 5 बॉडी को बाहर निकाल लिया।

पुलिस ने घायलों को पास के प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट कराया। इलाज के दौरान 2 महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई। 2 अन्य घायलों का इलाज जारी है।

### इनकी मौत हुई

अनीता (32), महोबा के सिरसी गांव
मालती (34), मकरबई, महोबा
पुष्पेंद्र (40), मकरबई, महोबा
घायलों में महोबा के श्रीनगर के धीरेंद्र कुमार (32) और बुलंदशहर के ककोड़ में रहने वाले उमेश (35) शामिल हैं। पुलिस ने ठेकेदार को हिरासत में ले लिया है। हादसे में मरने वालों के परिजन मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

## दहेज में स्कॉर्पियो न मिलने पर पत्नी से मारपीट

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में एक महिला ने दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। मंडी श्याम नगर की खुशबू शर्मा की शादी 7 दिसंबर 2024 को रीलखा गांव निवासी कपिल शर्मा से हुई थी। पीड़िता ने बताया कि शादी में उसके पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार खर्च किया। लेकिन ससुराल वाले स्कॉर्पियो गाड़ी की मांग कर रहे थे। शादी के तीन दिन बाद ही पति ने गाड़ी न मिलने पर उसे लात मारकर बेड से नीचे गिरा दिया। परिजनों को जानकारी मिलने पर वे उसे घर ले आए। बाद में आरोपी माफी मांगकर उसे वापस ले गए। आरोप है कि इसके बाद भी दहेज के लिए उसके साथ मारपीट जारी रही। आरोपियों ने दवा देकर उसका गर्भपात भी करा दिया। विरोध करने पर उसे घर से निकाल दिया गया। पीड़िता ने पहले पुलिस में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। फिर उसने कोर्ट का रुख किया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पति कपिल, सास राजेश, तीन ननद प्रीति, सोनम, आंचल और देवर राहुल के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नोएडा पुलिस की गिरफ्त में 50 हजार का इनामी



### दो साथियों के साथ मिलकर करता था लग्जरी कार चोरी, 1 करोड़ की तीन कार बरामद

**नोएडा।** नोएडा की थाना सेक्टर-113 पुलिस ने मुठभेड़ के बाद तीन लग्जरी कार चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक करोड़ की कीमत की तीन कार बरामद की गई। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि इनकी पहचान फरमान उर्फ छोटे, असलम और मकसूर है। फरमान पर 50 हजार का इनाम घोषित है। फरमान मेरठ का निवासी है। 25 साल की उम्र में में इस पर 40 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। इसके बाकी दोनों साथी कार चोरी में इसकी मदद करते है।

ये तीनों भीड़ भाड़ वाले इलाकों और होटल के बाहर खड़ी कार को टारगेट करते है। रेकी करने के बाद अपनी कार को उसकी कार के पास सटा कर रखते है। इसके बाद खिड़की का शीशा तोड़कर अंदर दूसरी कार को अनलॉक करके अंदर बैठते है। इसके बाद टैब की मदद से नया की मोड जनरेट करके कार चाबी बनाते और चोरी कर फरार हो जाते है।

### तीन राज्यों में बेचते है कार

ये तीनों पंजाब, राजस्थान और हरियाणा में चोरी की कार को बेचते है। ये तीनों जंगी ऐप के जरिए आपस में बात करते है।

इस ऐप को ट्रैक नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा वॉट्सऐप कॉल से भी कनेक्ट होते है। खास ये है कि घटना के दौरान ये तीनों कोई इलेक्ट्रानिक कम्युनिकेशन नहीं करते है। ताकि किसी भी प्रकार से इनको ट्रैस नहीं किया जा सके।


# ग्रेटर नोएडा के मेडिकल कॉलेज से छात्र गायब



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के नोएडा इंटरनैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज से एक छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। हरियाणा के हिसार निवासी हर्ष गोयल एमबीबीएस तृतीय वर्ष का छात्र है। हॉस्टल वार्डन अभिजेंद्र पेल ने दनकौर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि हर्ष बुधवार दोपहर 2:30 बजे से लापता है। छात्र के साथी उसे खोजने के बाद वार्डन के पास पहुंचे। सीसीटीवी फुटेज में हर्ष को हॉस्टल से बाहर जाते देखा गया। उसका एक मोबाइल कमरे में मिला है, जबकि दूसरा फोन स्विच ऑफ है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस छात्र की तलाश में जुटी है। छात्र के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई है।

# नोएडा में कोरोना से हुई बच्ची की मौत

## 20 नए केस मिले, एक्टिव मरीज 151; चाचा नेहरू अस्पताल में तोड़ा दम



**नोएडा।** नोएडा में गुरुवार को कोरोना से तीन साल की बच्ची की मौत हो गई। बच्ची का इलाज दिल्ली के चाचा नेहरू अस्पताल में चल रहा था। एसीएमओ डॉ. टीकम सिंह ने बताया कि बच्ची छिजारसी की रहने वाली थी। डिहाइड्रेशन की शिकायत पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बच्ची की हालत गंभीर थी और उसे निमोनिया भी हो गया था। जांच में कोरोना संक्रमण की भी पुष्टि हुई है। अस्पताल की ओर से पोर्टल पर इसकी जानकारी दी गई है। जिले में 20 और मरीजों में कोविड की पुष्टि हुई है। अब कुल मरीजों की संख्या 158 है। जिनमें 94 पुरुष और 64 महिलाएं शामिल हैं। इस समय अस्पताल में केवल दो मरीज भर्ती हैं। अब तक सात मरीज ठीक हो चुके हैं। कुल 151 सक्रिय मरीज हैं। वहीं, जैसे-जैसे मरीजों की संख्या बढ़ रही है, स्वास्थ्य विभाग ने जांच का दायरा बढ़ाने पर भी काम शुरू कर रहा है।

प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी कोविड जांच शुरू करने की कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को किट उपलब्ध हो गई हैं। अभी सिर्फ जिला अस्पताल में कोविड की जांच हो रही है।

सीएम योगी ने 22 मई को कोविड-19 के नए सब वेरिएंट जेएन.1 के बढ़ते मामलों के बीच हाईलेवल बैठक की थी। उन्होंने यूपी में कोविड संक्रमण की स्थिति की समीक्षा की थी। सीएम ने कहा था कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कोविड-19 के संक्रमण को लेकर चिंता जैसी कोई बात नहीं है, लेकिन वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए सावधानी और सतर्कता अत्यंत आवश्यक है।

# एनसीआर में ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले वाले गैंग का पर्दाफाश

## मास्टर माइंड समेत आठ, गिरफ्तार, मेगाइनप्लेय.इन पर कराते थे रजिस्ट्रेशन, जीतने पर पैसा होता था डबल



वकार सैफी विशाल इंडिया

**नोएडा।** थाना 113 पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए, फ्यूटेक गेटवे प्लॉट नंबर-10, टावर ए-2, सेक्टर 75 नोएडा से मास्टर माइंड समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 12 मोबाइल फोन, 04 लैपटॉप, एक टेबलेट, 01 रजिस्टर, 28 एटीएम कार्ड, 02 बैंक पासबुक, 02 बैंक चेक बुक, 25 मोबाइल सिम, 01 वाईफाई राऊटर बरामद किया गया। ये गिरोह आईपीएल व अन्य क्रिकेट प्रारूपों में MEGAINPLAY.IN वेबसाइट के सट्टा खिलवाता था।

### एक बार मे 100 से 50 हजार रूपये तक लगता था दाव

बता दे कि पुलिस की गिरफ्त में खडा अशोक गैंग का मास्टर माइंड है, सचिन पाल, सोनू कुमार मुखिया, प्रवीण कटिहार, अमित कुमार, विष्णु राठौड़, सरोज कुमार, शिवम कटिहार गैंग के सदस्य.. डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि ये गैंग आईपीएल अन्य क्रिकेट प्रारूपों मैचों के दौरान सक्रिय हो जाता था और MEGAINPLAY.IN वेबसाइट के माध्यम से सट्टा खिलवाता था।

> हम लोग सर्च कर रहे हैं। हमारी टेक्निकल टीम है जो सर्विलांस टीम है उसको सर्च कर रही है क्योंकि यह बहुत ही स्पेसिफिक ऐप इन लोगों ने डेवलप किए हैं और इसको क्रैक करना थोड़ा सख्त काम है।
>
> डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद

MEGAINPLAY.IN पर लॉगिन करते ही एक ओटीपी जनरेट होता है। जिसके बाद लोगों को अपनी यूजर आईडी व पासवर्ड तैयार करना होता है।

जब भी कोई खेल होता है उस दिन ये लॉगिन किया जाता है। एक बार में 100 रुपए से लेकर 50 हजार रुपए तक लगाया जा सकता है।

### 100 रूपये जीतने पर मिलते थे डबल

डीसीपी ने बताया कि एक बार रिचार्ज होने पर जिसने पैसे का रिचार्ज कराते है, वेबसाइट मालिक द्वारा रुपए के बदले पाइंट दिया जाता है। जिसको खेल में लगाकर सट्टेबाजी खिलवाते है। एक बार 100 रुपए लगाकर जीतने पर 200 रुपए और हारने पर पूरे 100 रुपए की नुकसान होता है। पैसा जीतने पर पाइंट को रिडीम किया जा सकता है और अकाउंट में पैसा ट्रांसफर भी किया जाता था. डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि। इनके बैंक खातों की जांच की जा रही है। इसमें जमा राशि को फ्रीज भी कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इनके एक बैंक खाते पर चार साइबर मामले भी हे। जिसमें एक मामला नोएडा , केरल, गुजरात और तेलंगाना में दर्ज है। ऐप का ओनरशिप अभी इसका आइडेंटिफाई नहीं हुआ है।

# ग्रेटर नोएडा में सफाई व्यवस्था की जांच

### इकोटेक थ्री में मलबा मिलने पर कॉन्ट्रैक्टर पर 25 हजार का जुर्माना, 4 कंपनियों को नोटिस

एजेंसी

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओएसडी गुंजा सिंह ने मंगलवार को शहर में सफाई व्यवस्था और हरियाली का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह और सफाई निरीक्षक संजीव विधूड़ी भी साथ थे।

इकोटेक थ्री सेक्टर में कई स्थानों पर मलबे का ढेर मिलने पर कॉन्ट्रैक्टर राइज इलेवन पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

यह राशि कॉन्ट्रैक्टर के अगले भुगतान से काटी जाएगी। इसी सेक्टर में तीन औद्योगिक इकाइयों - कोवेस्ट्रा इंडिया, मलहोत्रा इलेक्ट्रॉनिक्स और आईएलजेआईएन इलेक्ट्रॉनिक्स को नोटिस जारी किए गए।

ये कंपनियां बल्क वेस्ट के प्रोसेसिंग में निर्धारित मानकों का पालन नहीं कर रही थीं।

सेक्टर-1 स्थित ट्राइडेंट एंबेसी सोसाइटी को भी कूड़ा प्रबंधन में कमी के लिए नोटिस दिया गया।

ओएसडी ने डेल्टा टू और ईटा वन के पार्कों और ग्रीन बेल्ट का निरीक्षण किया।

उद्यान विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक पीपी मिश्र भी मौजूद रहे। पार्कों के बेहतर रखरखाव के निर्देश दिए गए। ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

# नोएडा में थार से कुचलने के मामले में 2 गिरफ्तार

### बाकी फरार आरोपियों की तलाश जारी, दो दिन पहले वीडियो हुआ था वायरल

**नोएडा।** नोएडा में युवक के साथ मारपीट और थार से कुचलने के प्रयास में थाना सेक्टर-24 पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान अमन अवाना और आकाश अवाना हुई है। दोनों ही घटना के बाद से फरार चल रहे थे। इन दोनों को मुखबिर की सूचना के बाद थाना सेक्टर-24 क्षेत्र से ही गिरफ्तार किया गया।

इस मामले में थाना प्रभारी और गिझौड चौकी प्रभारी को पुलिस कमिश्नर पहले ही सस्पेंड कर चुकी है। अभी मामले में दो नामजद गौरव और कुणाल चौहान आरोपी फरार है जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

एडीसीपी सुमित शुक्ल ने बताया कि दोनों से पूछताछ में बताया कि हम लोगों का इंस्टाग्राम पर कमेंट करने को लेकर सुमित और सौरभ से कहासुनी हो गयी थी। उसी दिन हम लोगों ने सुमित और सौरभ को अपने ऑफिस के पास बुलाया वहां पर वाद- विवाद ज्यादा बढ़ गया और हम लोगों ने सौरभ और सुमित के साथ मारपीट कर दी।

बता दे इसकी मारपीट से लेकर थार से कुचलने का प्रयास तक का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। पुलिस ने बुधवार को थार कार को जब्त कर सीज कर दिया है। साथ ही 68 हजार 500 रुपए का चालान भी किया। एडीसीपी ने बताया कि जल्द ही बाकी के आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

# नोएडा पुलिस ने इंटरनेशनल गांजा स्मगलर को पकड़ा

## थाईलैंड से करता था तस्करी, 8 लाख का 10 किलो गांजा मिला





**नोएडा।** थाना फेस 2 पुलिस व सीआरटी टीम के संयुक्त प्रयास से अवैध गांजा की तस्करी करने वाला 01 अतंरराष्ट्रीय स्मगलर तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से 10 किलो ओजी गांजा बरामद किया गया है। इसकी कीमत करीब 8 लाख रुपए है। एक कार वर्ना रंग सफेद बरामद की गई है। इसी से गांजा तस्करी करता है। तस्कर की पहचान मिलन सुमन उर्फ रैक्स उफ चिंटू के रूप में हुई है। इसे संयुक्त टीम ने हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया है। इसके पास से विदेशी करेंसी मिली है। ये स्मगलिंग के जरिए विदेश से गांजा मंगवाता था। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि तस्कर अपने साथी अजीम, बन्टी कुमार, सूरज राव, शमीम, चन्दन राव के जेल जाने के बाद अलग से आर्डर देकर लगभग 10 किलो गांजा मंगवाया था। जिसको फेस -2 थाना क्षेत्र में स्थित बंद पड़ी फैक्ट्री के अंदर छिपा कर रखा था। गिरफ्तारी के डर से हिमाचल चला गया था। ताकि वहां से आने के बाद नये लोगो से अपना काम शुरू कर सके। तस्कर की निशादेही पर थाना फेस-2 पुलिस व सीआरटी टीम द्वारा फैक्ट्री से 10 किलो ग्राम गांजा बरामद किया गया। ये गांजा शिलांग से लाकर यहां बेचता था।

### विदेशी करेंसी मिली

डीसीपी ने बताया कि आरोपी एक अंतरराष्ट्रीय स्मगलर भी है। ये गांजा विदेश से भारत मंगवाता है। जिसे यहां बेचता है। इसके पर्स से तीन देशों 1 डॉलर यूएसए, 20 वात थाईलैंड, 2000 रुपए इंडोनेशिया की करंसी भी मिली है। उन्होंने बताया कि हाल ही में जेल गए गांजा तस्करों के मोबाइल में इसकी चैट मिली थी। जाहिर है यही विदेश से गांजा स्मगल कर इंडिया लाता था।

### स्मगलिंग कर बना करोड़पति

साल 2020 तक इसके पास कुछ भी नहीं था। लेकिन स्मगलिंग के माध्यम से इसने अवैध रूप से भरपूर आर्थिक लाभ किया। करोड़ों की संपत्ति का स्वामी बना है। इसकी संपत्ति कई राज्यों में फैली हुई है जिसकी जांच की जा रही है।

गैंगस्टर एक्ट के माध्यम से इसके नशे के अवैध कारोबार द्वारा अर्जित संपत्ति भी कुर्क की जाएगी।

# शार्ट न्यूज

## नोएडा के सलारपुर नाले पर बनेंगे दो पुल

**नोएडा।** सलारपुर में बड़े नाले पर दो नए पुल बनाने का काम अगले महीने शुरू हो जाएगा। ये पुल 30 मीटर लंबे और 12 मीटर चौड़े होंगे। पुल बनाने का काम सिंचाई विभाग कराएगा जबकि इसके लिए नोएडा प्राधिकरण पैसा देगा। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि पुल निर्माण के लिए इस महीने पैसे जारी करने शुरू कर दिए जाएंगे। इससे सलारपुर के हजारों लोगों को फायदा होगा। नोएडा का सलारपुर गांव रिहायशी गांव है। ये गांव एक्वा लाइन से सटा हुआ है। मुख्य सड़क पर जाने के लिए यहां सिचाई विभाग के दो पुराने पुल बने हुए है। ग्रामीणों की मांग थी कि दो और पुल का निर्माण कराया जाए। प्राधिकरण ने उनकी मांग को मानते हुए यहां दो नए पुल बनाने का निर्णय लिया। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि नाले पर जो दो पुल अभी बने हुए हैं, वह काफी जर्जर हो चुके हैं। कुछ साल बाद इनसे वाहन गुजरना खतरनाक होगा। इसको देखते हुए एक साल पहले नाले पर दो नए पुल बनाने का निर्णय लिया गया था। जिसका काम अब शुरू होने जा रहा है।

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर पेटीएम मैनेजर पर हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे के किनारे स्थित फलैदा कट पर एक हमले की घटना सामने आई है। गुरुवार शाम को पेटीएम के एरिया सर्विस मैनेजर श्योवीर अपने कर्मचारियों के साथ मीटिंग कर रहे थे। इसी दौरान गांव मुराद गढ़ी का रहने वाला लोकेश वहां पहुंचा। वह गाली-गलौज करने लगा। जब श्योवीर ने इसका विरोध किया, तो लोकेश ने लोहे की रॉड से उन पर हमला कर दिया। हमले में श्योवीर की आंख और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। आरोपी लोकेश जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। सहयोगी कर्मचारियों ने घायल श्योवीर को पहले जेवर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने के कारण उन्हें नोएडा के जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ग्रेटर नोएडा में प्लॉट के नाम पर धोखाधड़ी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में एक परिवार ने आवासीय प्लॉट के नाम पर धोखाधड़ी कर 54 लाख रुपए हड़प लिए। दनकौर कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। ऐच्छर गांव के दानवीर सिंह ने मई 2022 में बल्लू खेड़ा गांव के सुरेंद्र, सुधीर, नौबहार, मंगल और उर्मिला से 1080 वर्ग मीटर का प्लॉट खरीदने का सौदा किया। प्लॉट की कीमत एक करोड़ 41 लाख रुपए तय हुई। दानवीर ने पूरी रकम आरोपियों के खाते में जमा करा दी। दिसंबर 2023 में आरोपियों ने बिना कोई सूचना दिए 87 लाख रुपए दानवीर के खाते में वापस भेज दिए। जब दानवीर ने प्लॉट की मांग की तो आरोपियों ने देने से इनकार कर दिया। शेष 54 लाख रुपए भी वापस नहीं किए। स्थानीय पुलिस से मदद न मिलने पर दानवीर ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक बनाने का काम शुरू

**नोएडा।** जिले का पहला सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक बनना शुरू हो गया है। इसे सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में बनाया जा रहा है। ट्रैक की लंबाई 300 मीटर होगी। जिसके निर्माण में करीब तीन करोड़ रुपये खर्च होंगे। सिंथेटिक ट्रैक बनने से खिलाड़ियों को अभ्यास करने में मदद मिलेगी और खेल में उनका प्रदर्शन भी बेहतर होगा। स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक को नोएडा स्टेडियम में स्केटिंग रिंग के पास खाली स्थान पर बनाया जा रहा है। इसमें रामलीला मैदान का भी कुछ हिस्सा आएगा और शूटिंग रेंज की ओर जाने सड़क खत्म हो जाएगी। जिसके बदले में नए संपर्क मार्ग तैयार किए जाएंगे।स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक निर्माण के की घोषणा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने 9 अगस्त 2023 को की थी। जिसके बाद यहां की विस्तृत रुपरेखा तैयार कर इस पर काम शुरू किया गया। आखिरकार बृहस्पतिवार से ट्रैक तैयार करने के लिए जमीन खुदाई का काम शुरू कर दिया गया है।

## ग्रेनो प्राधिकरण ने 10 हजार पौधे लगाए

**ग्रेटर नोएडा।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से गुरुवार को बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया गया। सीईओ एनजी रवि कुमार ने पौधरोपण कर शहर को हरा-भरा बनाने का संदेश दिया। वहीं सभी एसीईओ व अन्य अधिकारियों ने अलग-अलग जगहों पर पौधे रोपित किए। इस अभियान में आवासीय, औद्योगिक और सामाजिक संगठनों ने भी हिस्सा लिया। लगभग 10 हजार पौधे लगाए गए। इस बार का थीम बीट प्लास्टिक पोल्यूशन है। एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस, एसीईओ प्रेरणा सिंह और एसीईओ सुमित यादव ने प्राधिकरण दफ्तर के पास स्थित पार्क में पिलखन के पौधे लगाए।ओएसडी अभिषेक पाठक और डीजीएम अभिषेक जैन ने भी पौधरोपण किया। ग्रेटर नोएडा कर्मचारी एसोएिसशन के अध्यक्ष सोनू भड़ाना ने भी पौधे रोपित किए।

## बिजली समस्याओं के समाधान के लिए नियंत्रण बनाया

**नोएडा।** बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए सेक्टर-18 सर्किल-वन के दफ्तर परिसर में नियंत्रण कक्ष शुरू हुआ है। ऊर्जा मंत्री के निर्देश और मेरठ मुख्यालय के आदेश पर शहर में नियंत्रण कक्ष शुरू किया है। इस नियंत्रण कक्ष से चौबीस घंटे उपभोक्ताओं की बिजली से जूड़ी शिकायतों का समाधान हो सकेगा। भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति और शिकायतों के समाधान के लिए चौबीस घंटे के लिए नियंत्रण कक्ष शुरू किया है। उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 1912 के अलावा जिला स्तर पर 0120-2970431, 2970605 और 9193301659 पर फोन करके अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए नियंत्रण कक्ष शुरू हुआ है।विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता विवेक कुमार पटेल ने बताया कि उच्चाधिकारियों के दिशा-निर्देश पर सेक्टर-18 सर्किल-वन के परिसर में नियंत्रण कक्षा शुरू किया है।

## लंबे समय से टिके कर्मियों का स्थानांतरण होगा

**नोएडा।** जिले में विद्युत निगम के दफ्तरों में लंबे समय से टिके कर्मचारियों का दूसरे डिविजन और उपकंद्रों पर तबादला होगा। फैसले के मुताबिक, जिले के 30 से अधिक कर्मचारियों का तबादला किया जाएगा। डिविजन प्रथम के दफ्तर पर एक बाबू द्वारा उपभोक्ता से दुर्व्यवहार का प्रकरण आने के बाद विद्युत निगम ने पांच वर्ष से अधिक समय से एक ही दफ्तर पर टिके कर्मियों का तबादला करने का निर्णय लिया है। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार विद्युत निगम उपभोक्ता देवो भव- की नीति पर कार्य करता है। उपभोक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाता है।ऐसे में किसी भी उपभोक्ता के साथ गलत आचरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।इसके चलते अब बिजली दफ्तरों पर लंबे समय से टिके कर्मचारियों का तबादला किया जाएगा। डिविजन स्तर पर कार्य करने वाले कर्मी का दूसरे डिविजन में तबादला किया जाएगा।

## मकान नवीनीकरण के नाम पर 20 लाख ऐंठे

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित खेड़ी गांव के रहने वाले दो लोगों ने फर्म की संचालिका और उसके सहयोगी पर मकान नवीनीकरण कराने के नाम पर 20 लाख रुपये ठगने का आरोप लगाया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवती और उसके सहयोगी समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक खेड़ी गांव के अन्नू बैसला और सतेंद्र सिंह को अपने मकान का नवीकरण कराना था। इसके लिए उन्होंने नोएडा सेक्टर-10 स्थित कंस्ट्रक्शन फर्म की संचालिका ऐश्वर्या पराशर और उसके सहयोगी कौशल झा से संपर्क किया था। अन्नू बैसला से 19 लाख 51 हजार रुपये में सौदा तय हुआ, इसमें बतौर बयाना 45 हजार रुपये नगद दिए गए।इसके बाद सात लाख रुपये आनलाइन और 11 लाख रुपये नगद दे दिए गए। सतेंद्र से 17 लाख 50 हजार रुपये में सौदा तय हुआ। सतेंद्र ने बतौर बयाना एक लाख रुपये नगद दिए। इसके बाद पांच लाख रुपये का भुगतान किया। एग्रीमेंट के मुताबिक दोनों मकानों का नवीनीकरण तीन महीने में पूर्ण करके देना था, लेकिन कुछ दिन काम करने के बाद लेबर की कमी बताकर बीच में ही काम रोक दिया गया।

# यूपी में गंगा दशहरा पर 11 की डूबकर मौत

## फर्रुखाबाद में दो दोस्तों की जान गई, वाराणसी में 1100 मीटर चुनरी चढ़ाई, प्रयागराज में उमड़े श्रद्धालु



**वाराणसी।** गंगा दशहरा पर कल सुबह से वाराणसी, प्रयागराज, अयोध्या सहित प्रदेश में कई जगह घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। पूरे दिन स्नान, पूजा और दान का सिलसिला चला। प्रयागराज में संगम पर हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद सूर्य को अर्घ दिया। काशी में भी गंगा घाटों पर लाखों श्रद्धालु पहुंचे हैं।

अस्सी घाट पर मां गंगा को 1100 मीटर की चुनरी चढ़ाई गई। बागपत में दो छात्रों, बदायूं में एक युवक, कानपुर में तीन, फर्रुखाबाद में दो और फिरोजाबाद में एक की नहाते समय डूबने से मौत हो गई। फर्रुखाबाद में दो दोस्तों की गंगा में डूबने से जान चली गई। दोनों सेना की तैयारी कर रहे थे। देर रात से ही श्रद्धालु गंगा तट पर पहुंचने लगे थे। सुबह से ही लोग मां गंगा में डुबकी लगाकर दान पुण्य कर आस्था में सराबोर नजर आ रहे हैं। आज शाम काशी में विशेष गंगा आरती होगी। घाटों पर दीप सजाए जाएंगे।

दशमी तिथि 4 जून की रात 11: 55 बजे से लगकर 6 जून की रात 2ः14 बजे तक है। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार गंगा दशहरा आज 5 जून को मनाया जा रहा है।

### हेमा चौहान ने रचा इतिहास

हाथ से दिव्यांग हेमा चौहान ने गंगा आरती के दौरान भगवान शिव की लाइव पेंटिंग तैयार की। विद्यापीठ में पढ़ने वाली हेमा चौहान अपने दोनों हाथों से दिव्यांग है लेकिन फिर भी अपनी कला से उन्होंने आज इतिहास रचा।

### दशाश्वमेध घाट पर 11 हजार दीप जले

दशाश्वमेध घाट पर गंगोत्री सेवा समिति ने मां गंगा की महाआरती का आयोजन हुआ। 11 बटुकों के साथ रिद्धि सिद्धि के रूप में 22 कन्याओं ने मां गंगा की भव्य आरती की।

घाटों पर हजारों श्रद्धालु इस अद्भुत पल के साक्षी बने।

मां गंगा की महाआरती से पहले षोडशोपचार विधि से मां गंगा का विधिवत पूजन-अर्चन हुआ। घाट पर 11 हजार दीप जला गया।

## सांप दिखाकर दिल्ली के कारोबारी से 19 लाख ठगे

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर में दिल्ली के एक रियल एस्टेट कारोबारी से 19 लाख ठग लिए गए। जालसाजों ने खुद को तांत्रिक बताकर कारोबारी को दिल्ली से निघासन के पलिया बुलाया। दावा किया कि तंत्र विद्या से आपकी पत्नी और मां की किडनी ठीक हो जाएगी। कारोबारी उनके झांसे में आकर 24 मार्च को दिल्ली से पलिया आ गया। ठग उसे जंगल में एक मजार पर ले गए। वहां सांप दिखा कर डराया। फिर 11 लाख रुपए, रोलेक्स की घड़ी और हीरे की अंगूठी उतरवा ली। बदले में कारोबारी को सोने की एक ईंट दी। कहा कि घर जाकर पूजा पाठ करो, आपकी मां और वाइफ ठीक हो जाएंगी। कारोबारी ने वैसा ही किया। इसके बाद भी जब कई फायदा नहीं हुआ, तो उसने एक हफ्ते पहले दिल्ली में सोने की ईंट की जांच कराई। वह नकली निकली। तब उन्हें ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद गुरुवार को कारोबारी फिर दिल्ली से निघासन पहुंचे और पुलिस से शिकायत की। सबसे बड़ी बात तो यह है कि जिस संजय यादव ने कारोबारी को ठगा, उसका असली नाम इरफान है।

# ललितपुर में अवैध शराब पर पुलिस और आबकारी का हंटर



### छापेमारी में 8000 लीटर लहन नष्ट, 500 लीटर कच्ची शराब बरामद

**ललितपुर।** कच्ची शराब बनाने वालों की धरपकड़ के लिए चलाया जा रहा अभियान गुरुवार को भी जारी रहा। आबकारी और पुलिस की संयुक्त टीमों ने शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मऊमाफी में छापे मारकर करीब 500 लीटर कच्ची शराब बरामद की। मौके से कच्ची शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाला लहन भारी मात्रा में मिला, जिसे नष्ट कर दिया। आबकारी ने कच्ची शराब बनाने के मामलों में चार मुकदमे भी दर्ज किए हैं। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन मे ,अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण मे जनपद में अवैध शराब/मादक पदार्थों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली ललितपुर पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम मऊमांफी मे दबिश के दौरान 500 लीटर नाजायज कच्ची शराब बरामद कर मौके पर करीब 8000 लीटर लहन नष्ट कर, 03 अभियुक्तागण व 01 अभियुक्त को नियमानुसार गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार अनुराग अवस्थी, प्रभारी निरीक्षक मय टीम अन्विता तिवारी, आबकारी निरीक्षक, मय टीम आदि शामिल रहे।

## शार्ट न्यूज

### अलग-अलग मामलों में पांच वारण्टी गिरफ्तार



**ललितपुर ।** पुलिस ने अलग-अलग मामलों में पांच वारण्टीयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में वांछित/वारण्टी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा पांच वारण्टी अभियुक्तगण- आशीष नामदेव पुत्र मनमोहन नामदेव उम्र करीब 36 वर्ष निवासी नईबस्ती गाँधीनगर कोतवाली व जनपद ललितपुर, सम्बन्धित केस नं0 08/16 धारा 138 एनआई एक्ट, सीताराम पुत्र चतरे उम्र करीब 74 वर्ष, हरचरन पुत्र तखत सिंह उम्र करीब 55 वर्ष, चन्द्रभान सिंह पुत्र कोमल सिंह उम्र करीब 45 वर्ष भरत पुत्र कोमल सिंह उम्र करीब 38 वर्ष निवासीगण ग्राम चमरऊवा कोतवाली व ललितपुर सम्बन्धित केस नं0 269/2007 धारा 147/323/504/506 भादवि, को नियमानुसार गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है।गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी उ.नि. आलोक सिंह उ.नि. अर्जुन सिंह चौकी प्रभारी राजघाट कां. बाबू सिंह आदि शामिल रहे।

### झांसी में पानी की टंकी पर चढ़ा किसान

**झांसी।** झांसी के मऊरानीपुर में एक किसान तहसील में बनी पानी की टंकी पर चढ़ कर कूदने का प्रयास करने लगा। उसका आरोप था कि तहसील के कर्मियों ने उसकी जमीन धोखे से दूसरे के नाम कर दी। अब मेरी कोई सुनवाई नहीं हो रही, अधिकारी तारीख पर तारीख दे रहे। टंकी पर चढ़े किसान को देख अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए। इसके बाद एसडीएम ने उसे कार्रवाई का भरोसा दिया, तब किसान लगभग एक घंटे बाद नीचे उतरकर आया। टीकमगढ़ के पलेरा थाना क्षेत्र के रहने वाले देवीदीन अहिरवार ने मऊरानीपुर के चितावत और सिंगरवारा गांव में अपने व पत्नी के नाम से 11 बीघे जमीन 12 साल पहले खरीदी थी। यहां दोनों पति पत्नी खेती करते रहे हैं। जब खेती नहीं होती तो देवी दीन और उनकी पत्नी रामदेवी दिल्ली में मजदूरी के लिए चले जाते हैं। देवी दीन अहिरवार ने बताया कि बीती 3 मई को वह अपनी पत्नी के साथ खेत जोतने पहुंचे थे।

### लखनऊ में ढाई साल की बच्ची से रेप

लखनऊ। लखनऊ में ढाई साल की बच्ची के साथ दरिंदगी हुई। बच्ची अपने माता-पिता के साथ आलमबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे सो रही थी। बुधवार आधी रात आरोपी ने सोते वक्त उसका मुंह दबाया और मां के बगल से उठा ले गया। आरोपी ने बच्ची के साथ रेप किया। बच्ची दर्द से बेहोश हो गई तो उसे मरा समझकर झाड़ियों में फेंक दिया। गुरुवार सुबह उस रास्ते से एक दिव्यांग व्यक्ति गुजर रहा था। 500 मीटर की दूरी से उसे बच्ची के कराहने की आवाज सुनाई दी। पास गया तो बच्ची खून से लथपथ थी। इसके बाद उसने जाकर बच्ची के मां-बाप को इसकी जानकारी दी। पुलिस सीसीटीवी की मदद से आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। बच्ची के प्राइवेट पार्ट में गहरा घाव हुआ है। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (चतरू) के ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है।

### मुजफ्फरनगर में किन्नर की हत्या

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में एक किन्नर की उसके भाइयों और भाभियों ने मिलकर लाठी-डंडों और ईंटों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। मामला बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के मंदवाड़ा गांव का है। गांव निवासी इरशाद उर्फ मुस्कान किन्नर, शामली जनपद के थाना भवन क्षेत्र में प्रिया नामक किन्नर के साथ रहता था। वह समय-समय पर अपने गांव आकर मां और बहन को खर्च के लिए पैसे दिया करता था। बुधवार को भी मुस्कान किन्नर अपने घर आया था। लेकिन उसे नहीं पता था कि इस बार उसका आना उसकी जान ले लेगा। बताया जा रहा है कि मुस्कान के भाइयों और भाभियों को उसका घर आना और मां को पैसे देना पसंद नहीं था। इसके अलावा, घर के बंटवारे को लेकर भी परिवार में अक्सर विवाद होता रहता था। बुधवार को भी किसी मामूली बात को लेकर कहासुनी हुई और बात इतनी बढ़ गई कि मुस्कान के भाई एहसान, शमशेर, साजिद और भाभियां जीनत एवं शबनम ने लाठी-डंडों और ईंट से उसे बुरी तरह पीट दिया।

### बाजार से घर जा रहे युवक पर हमला

**आजमगढ़।** आजमगढ़ में दो बाइक से 6 बदमाश आए थे। एक युवक पर लाठी डंडे से हमला किया। गंभीर रूप से घायल युवक को आसपास के लोगों की मदद से इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। जहां घायल युवक का इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। इसके साथ ही घटना के कारणों का भी पता लगाया जा रहा है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, जिससे घटना में शामिल लोगों की पहचान की जा सके। मेहनगर थाना क्षेत्र के सपनहर रुद्र गांव का रहने वाला निखिल कुमार यादव पुत्र दुर्गेश यादव घर से बाजार सामान खरीदने आया था। बाजार से सामान खरीद कर घर जा ही रहा था इसी बीच दो बाइक पर सवार 6 हमलावर आए और गाली गलौज करते हुए सर पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। आरोपियों द्वारा की गई इस मारपीट से युवक सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल युवा को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया जहां हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है।

### नगर निकायों में त्योहारों की तैयारी

**महराजगंज।** महराजगंज में नगर निकाय के अपर निदेशक डॉ. असलम अंसारी ने नगर पालिका परिषद में समीक्षा बैठक की। बैठक में आगामी त्योहारों की तैयारियों पर चर्चा हुई। डॉ. अंसारी ने नगर निकायों को साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति और पथ प्रकाश व्यवस्था को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक में विश्व पर्यावरण दिवस, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और नाला-नाली सफाई अभियान सहित छह बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर डॉ. अंसारी ने वेस्ट टू वंडर पार्क में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ पौधरोपण किया। उन्होंने प्रदूषण मुक्त समाज के लिए जन जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। गंगा दशहरा के अवसर पर बलिया नाला छठ घाट पर गंगा आरती में उनकी भागीदारी रही। बैठक में पूर्व की कार्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की गई। स्वास्थ्य, स्वच्छता और पेयजल आपूर्ति पर अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट ली गई। बैठक में एसडीएम सदर रमेश कुमार, एसडीएम विजय यादव, नगर पालिका परिषद महराजगंज के ईओ आलोक कुमार और जनपद के सभी ईओ मौजूद रहे।

### हटेंगी निजी बसें, हर ज़िले में बनेंगे प्राइवेट बस अड्डे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अब निजी स्टेज कैरिज, टूरिस्ट और कॉन्ट्रैक्ट कैरिज बसें सड़कों पर खड़ी नहीं होंगी। यूपी सरकार की बस अड्डा एवं पार्किंग नीति 2025 को अमलीजामा पहनाने के लिए ज़िला स्तर पर कमेटियां गठित कर दी गई हैं। लखनऊ में जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में गुरुवार को समिति की बैठक हुई जिसमें पूरी कार्ययोजना तय की गई। बैठक में बताया गया कि निजी बसों के लिए प्रदेश में कोई समुचित बस अड्डा या पार्किंग सुविधा नहीं है, जिससे ये बसें सड़कों या सार्वजनिक स्थलों पर खड़ी होती हैं। इससे ट्रैफिक व्यवस्था बाधित होती है और सुरक्षा को भी खतरा होता है।अब नीति के तहत लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के मास्टर प्लान में चिन्हित 165 एकड़ भूमि पर निजी बस अड्डे बनाए जाएंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि इस भूमि की तहसील स्तर पर जांच कराई जाए और 20 जून तक निवेशकों के साथ बैठक कर प्रस्तावों पर मंथन किया जाए।

## गर्लफ्रेंड ने मिलने बुलाया, घरवालों ने मार डाला

**बस्ती।** बस्ती में अफेयर में एक युवक की हत्या कर दी गई। प्रेमिका ने उसे मिलने बाग में बुलाया। प्रेमी जब पहुंचा, तो लड़की के पिता और भाई ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। पीट-पीटकर अधमरा करने के बाद मौके से भाग गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लड़की के पिता और भाई को गिरफ्तार कर लिया है। मामला वाल्टरगंज थाना क्षेत्र का है। पड़री गांव का रहने वाले कृष्णा राजभर (25) का गांव की ही एक युवती से 3 साल से अफेयर था। बुधवार रात युवती ने उसे फोन किया और बाग में मिलने के लिए बुलाया। कृष्णा फोन पर बात करते हुए ही घर से निकल गया। जैसे ही वह बाग पहुंचा, तो वहां युवती के घरवाले पहले से मौजूद थे। लड़की के भाई और पिता ने कृष्णा को पकड़ लिया और उस पर हमला कर दिया। इसी बीच, शोर सुनकर कृष्णा का बड़ा भाई फूलचंद्र भागकर मौके पर पहुंचा। उसे देखते ही आरोपी युवक को मरा हुआ समझकर झाड़ियों में फेंककर भाग गए।

# कानपुर में भांजी को बचाने में दो मामा डूबे, मौत

## एक की तीन महीने पहले हुई थी शादी; मां लाश देखकर बेहोश

**बिल्हौर।** कानपुर की गंगा में नहाने के वक्त हादसा हो गया। एक बच्ची को बचाने में मामा और एक अन्य रिश्तेदार भी डूब गए। जिनकी तड़प-तड़पकर मौत हो गई।

काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने तीनों को पानी से बाहर निकाला। उन्हें तुरंत सीएचसी ले जाया गया। डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में मामा बलराम, रिश्तेदार संदीप और बच्ची प्रियंका शामिल है।



बलराम प्रियंका संदीप

### ऐसे हुआ हादसा

सर्वेस के अनुसार उनकी पत्नी सुनीता की कुछ तबीयत खराब थी। वह उनके लिए दवा लेने के लिए गया था। इसी बीच रिश्तेदारों ने दशहरे का पर्व होने के चलते गंगा स्नान की इच्छा जाहिर की। उनके घर पर न होने से उनकी बेटी प्रियंका के साथ उसके मामा बलराम और उनका साला संदीप गंगा स्नान करने के लिए चले गये।

जानकारी के अनुसार, सभी लोग नहा रहे थे। इसी बीच प्रियंका तैरते हुए गहराई में चली गई और डूबने लगी। उसे डूबता देख बचाने के लिए पहले बलराम गहराई की ओर चला गया और वह भी डूब गया। यह संदीप उन्हें बचाने आगे चला गया और वह भी गहराई में डूब गया। इसी दौरान कुछ दूरी पर गांव के कुछ लोग स्नान कर रहे थे। घटना देख वह लोग भाग कर मौके पर पहुंचे और तीनों की तलाश शुरू कर दी।

# एसपी ने किया जनपदीय साइबर क्राइम पुलिस थाना के भवन निर्माण का भूमि पूजन

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स, जनपद ललितपुर परिसर मे जनपदीय साइबर क्राइम पुलिस थाना के भवन निर्माण हेतु विधि विधान से भूमि पूजन किया गया ।तत्पश्चात विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर धरती को हरा-भरा बनाने, भावी पीढ़ियों को प्रदूषण मुक्त एवं सुरक्षित जीवन प्रदान करने के उद्देश्य से रिजर्व पुलिस लाइन्स प्रांगण में वृक्षारोपण कर आम जनमानस को पर्यावरण के संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया।



## एसपी ने नाराहट थानाध्यक्ष को किया निलम्बित

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने गुरुवार को नाराहट थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार को निलम्बित कर दिया है। यह कार्रवाई जन शिकायतों के निस्तारण न करने और महिला सम्बंधित अपराधों की रोक थाम में शिथिलता बरतने पर की गई है। निरीक्षक प्रमोद कुमार , प्रभारी निरीक्षक थाना नाराहट जनपद ललितपुर को जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्वक निस्तारण न करने व महिला सम्बन्धित अपराधों की रोकथाम में शिथिलता बरतने के आरोप में पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर, विभागीय कार्यवाही प्रचलित की गयी है ।

# प्रयागराज में 8 तहसीलों के 16 लेखपाल निलंबित

**प्रयागराज।** प्रयागराज में जन शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) के मामलों में लापरवाही बरतने पर मुख्य राजस्व अधिकारी ने कड़ी कार्रवाई की है। एसडीएम की रिपोर्ट के आधार पर 16 लेखपालों को निलंबित किया गया है। प्रशासन ने जिले की प्रत्येक तहसील से दो-दो लेखपालों पर कार्रवाई की है। सदर तहसील से कैलाश किशोर और राकेश कुमार पाल को निलंबित किया गया है।

हंडिया से सेनमुज्जमा उस्मानी और गिरिजा शंकर, फूलपुर से मसऊद अहमद और वीरेंद्र कुमार को निलंबित किया गया है। सोरांव तहसील से सत्येंद्र भोतिया और अनुराग कुमार, करछना से इकराम उल्ला और बैजनाथ तिवारी को कार्रवाई का सामना करना पड़ा है।

बारा तहसील से मोहम्मद आरिफ और ज्योत्सना सिंह, मेजा से रमाशंकर और सूर्य प्रकाश निलंबित हुए हैं। कोरांव से शिव कुमार वैश्य और अतुल तिवारी को भी निलंबित किया गया है।

## मथुरा में गरीब परिवार की कच्ची छत गिरी

**मथुरा।** मथुरा की मांट तहसील की ग्राम पंचायत हसनपुर में एक गरीब परिवार की स्थिति चिंताजनक हो गई है। कोली समाज से संबंधित यह परिवार कच्ची छत के नीचे रह रहा था। दो दिन पूर्व हुई हल्की बारिश में ही छत गिर गई। नीचे सो रहे परिवार के सदस्य बाल-बाल बच गए। छत गिरने के बाद चीख पुकार मच गई और आसपास के लोग भी एकत्रित हो गए। जानकारी के अनुसार लख्खो पुत्र बाबूलाल हसनपुर का स्थायी निवासी है। वह भूमिहीन है और मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता है। उसकी बेटी की शादी भी सामने है। हसनपुर में कोली समाज के 50 परिवार रहते हैं। इनमें लख्खो की आर्थिक स्थिति सबसे कमजोर है। परिवार ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर मकान गिरने की शिकायत दर्ज कराई है। ग्राम प्रधान पति योगेंद्र फौजदार को भी स्थिति से अवगत करा दिया है। लेकिन अभी तक कोई अधिकारी जांच के लिए नहीं पहुंचा है। परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना से मदद की उम्मीद लगाए बैठा है। पीड़ित मकान स्वामी का कहना है कि सरकार गरीबों को मकान देने की बात कर रही है लेकिन यहां कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा है और ना ही उनके गांव में कोई सर्वे हुआ है जिससे उन्हें मकान मिल सके।

# कानपुर : 50 एकड़ में बने अवैध निर्माणों को गिराया

## कानपुर के अहिरवां व सजारी में कार्रवाई; केडीए चला रहा अभियान

**कानपुर।** कानपुर में अहिरवां व सजारी में अवैध निर्माणों के खिलाफ कानपुर विकास प्राधिकरण की कार्रवाई लगातार जारी है। आज केडीए ने अहिरवां व सजारी में 50 एकड़ में बने अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया। यहां करीब 20 आराजी संख्या में प्राइवेट बिल्डर्स ने प्लाटिंग काट कर जमीनों को बेचा है, जहां बिना केडीए से सत्यापित कराकर लोग निर्माण करा रहे हैं। माना जा रहा है कि बिना ले-आउट पास कराए व नियम विरुद्ध निर्माण करने पर कार्रवाई की गई है।



केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल के निर्देश के गुरुवार को प्रवर्तन जोन-4 क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम अहिरवां, सजारी में अधिकारी पहुंचे तो यहां निर्माण कर्ताओं में हड़कंप मच गया। केडीए अधिकारियों ने आराजी संख्या-1671, 1672, 1673, 1707, 1715, 1716, 1717, 1720, 1416, 1428, 1456, 1442 1585, 1586, 1645, 1568 1582, 1584, 1588 पर की गई अवैध प्लाटिंग धराशायी कर दिया।

### आगे भी चलेगा अभियान

करीब 50 बीघा जमीन पर हुए निर्माणों को ध्वस्तीकरण करा दिया गया। मदन सिंह गर्ब्याल ने बताया कि शहर के अन्य क्षेत्रों में भी अवैध प्लाटिंग को चिह्नित किया गया है। भविष्य में भी इसी प्रकार अवैध प्लाटिंग, अनधिकृत निर्माणों और अवैध विकास के विरूद्ध नियमानुसार अभियान चलाकर ध्वस्तीकरण व सीलिंग की कार्रवाई की जायेगी।

### यह अधिकारी रहे मौजूद

प्रभारी अधिकारी (प्रवर्तन जोन-4) संदीप मोदनवाल, अतुल राय की अगुवाई में यह कार्रवाई हुई। मौके पर सहायक अभियन्ता प्रवीन शर्मा, अवर अभियन्ता अर्पण सिंह व प्रवर्तन दल के लोग रहे।

# संभल में 26 दुकानों की जांच, 22 नमूने लैब भेजे

## बीज विक्रेताओं पर कार्रवाई, 3 को नोटिस

**संभल।** संभल डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने शासन के निर्देश के बाद बीज विक्रेताओं की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया है। गुरुवार को गठित टीम ने बीज विक्रेताओं की दुकानों पर छापेमारी की। टीम में उप कृषि निदेशक अरुण त्रिपाठी, जिला कृषि अधिकारी प्रबोध मिश्रा और अपर जिला कृषि अधिकारी शामिल थे।



जनपद में 26 स्थानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान टीम ने 22 बीज नमूने एकत्र किए और 3 दुकानदारों को नोटिस जारी किए। सभी एकत्र किए गए बीज नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। यदि कोई नमूना मानकों के अनुरूप नहीं पाया जाता है, तो संबंधित विक्रेता के खिलाफ बीज नियंत्रण आदेश के तहत कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग जनपद में लगातार निगरानी कर रहा है। विभाग ने सभी विक्रेताओं से खाद और बीज का नियमानुसार विक्रय करने का निर्देश दिया है। साथ ही स्टॉक रजिस्टर मेंटेन रखने, खसरा खतौनी के अनुसार उर्वरक बेचने और दुकानों पर सभी आवश्यक सूचनाएं प्रदर्शित करने को कहा है।

## उरई में युवक को डंपर ने कुचला, मौत

**जालौन।** जालौन के उरई कोतवाली क्षेत्र से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। उमरारखेड़ा मोहल्ला निवासी प्रकाश कुमार के परिवार में शादी की तैयारियां चल रही थी। उनके छोटे बेटे आलोक नाथ की शादी कुछ ही दिनों में होने वाली थी। इसी सिलसिले में प्रकाश कुमार का बड़ा बेटा 35 वर्षीय आनंद नाथ गुरुवार को शादी के कार्ड बांटने निकला था। वह रिश्तेदारों और परिचितों को कार्ड देने के बाद शाम करीब चार बजे बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही आनंद नाथ की बाइक चौधरी चरण सिंह इंटर कॉलेज के सामने पहुंची, उसने अचानक ब्रेक लगाया जिससे बाइक फिसल गई और वह सड़क पर गिर पड़ा। दुर्भाग्यवश, उसी समय सामने से आ रहा एक डंपर उसे कुचलता हुआ निकल गया। हादसा इतना भीषण था कि आनंद नाथ की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव का पंचनामा भरवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और परिजनों को सूचना दी।

## संक्षिप्त समाचार

### संरा सुरक्षा परिषद में गाजा में संघर्षविराम के प्रस्ताव पर मतदान होगा

**वाशिंगटनख, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बुधवार को उस प्रस्ताव पर मतदान होना है जिसमें गाजा में तत्काल, बिना शर्त और स्थायी युद्धविराम की मांग की गई हैजिसका सभी पक्षों द्वारा सम्मान किया जाए। अमेरिका के इस प्रस्ताव पर वीटो करने की करने की संभावना है। परिषद के 10 निर्वाचित सदस्यों द्वारा तैयार प्रस्ताव में सात अक्टूबर 2023 को किए गए हमले के बाद दक्षिणी इजराइल से हमास और अन्य समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की रिहाई की मांग दोहराई गई है। गाजा में मानवीय स्थिति को विनाशकारी बताते हुए प्रस्ताव में गाजा में मानवीय सहायता के प्रवेश पर लगे सभी प्रतिबंधों को तत्काल और बिना शर्त हटाने तथा संयुक्त राष्ट्र और मानवीय साझेदारों के साथ राहत सामग्री को सुरक्षित और निर्बाध तरीके से वितरित करने की भी मांग की गई है। इस प्रस्ताव पर बुधवार दोपहर को मतदान होना है और यह ऐसे वक्त लाया गया है जब इजराइल और अमेरिका समर्थित सहायता वितरण स्थल बनाए जाने के बाद करीब-करीब रोज गोलीबारी की घटनाएं हो रही हैं। संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न सदस्य देशों के राजयनिकों ने मंगलवार को नाम न छापने की शर्त पर कहा कि उन्हें लगता है कि अमेरिका इस प्रस्ताव पर वीटो कर देगा। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी मिशन ने कहा कि इस समय मसौदा प्रस्ताव पर वह कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता है। इजराइल के संयुक्त राष्ट्र मिशन ने मसौदे पर टिप्पणी के अनुरोध का जवाब नहीं दिया।

### बशर असद की सरकार गिरने के बाद पहली बार सीरिया से रॉकेट दागे गए : इजराइल

**येरुशलमख, एजेंसी।** इजराइली सेना ने कहा कि सीरिया से मंगलवार को दो रॉकेट दागे गए जो इजराइल नियंत्रित गोलान हाइट्स के खुले क्षेत्रों में गिरे। सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद की सरकार दिसंबर में गिरने बाद पहली बार सीरियाई क्षेत्र से इजराइल की ओर हमला किया गया है। सीरियाई सरकारी मीडिया ने बताया कि रॉकेट दागे जाने के बाद इजराइल ने सीरिया के दारा प्रांत के पश्चिमी ग्रामीण इलाकों पर बमबारी की। ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानी संस्था 'सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' ने भी इजराइली हवाई हमलों की सूचना दी है, जिसके कारण कुनीत्रा शहर और दारा के ग्रामीण इलाकों में विस्फोट हुए। पिछले साल गाजा में इजराइल के हमले में मारे गए हमास के सैन्य नेता मोहम्मद ज़ैफ के नाम पर रखे गए 'मोहम्मद ज़ैफ ब्रिगेड' नामक समूह ने सोशल मीडिया मंच 'टेलीग्राम' पर एक पोस्ट में हमले की जिम्मेदारी ली है। यह समूह कुछ दिन पहले ही सोशल मीडिया पर पहली बार सामने आया था। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल कैट्ज ने एक बयान में कहा कि उनका देश इजराइल के प्रति हर खतरे और गोलाबारी के लिए सीरियाई राष्ट्रपति को सीधे तौर पर जिम्मेदार मानता है और उन्होंने इसका उचित जवाब देने की चेतावनी दी है। सीरिया के विदेश मंत्रालय ने सरकारी टीवी चैनल पर दिए गए एक बयान में कहा कि उसने अब तक सीरिया से इजराइल पर किए गए हमलों की रिपोर्ट की सत्यता की पुष्टि नहीं की है।

### उ.कोरिया से बातचीत जारी रखेंगे, अमेरिका-जापान साझेदारी मजबूत करेंगे : द कोरियाई राष्ट्रपति

**सियोलख, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया के नए राष्ट्रपति ली जे-म्यांग ने बुधवार को कहा कि वह उत्तर कोरिया के साथ बातचीत जारी रखने की कोशिश करेंगे तथा अमेरिका और जापान के साथ त्रिपक्षीय साझेदारी को मजबूत करेंगे। पदभार ग्रहण करने के बाद अपने पहले संबोधन में उन्होंने कहा कि उनकी सरकार दक्षिण कोरिया-अमेरिका सैन्य गठबंधन के आधार पर एक मजबूत प्रतिरोध के साथ उत्तर कोरिया के संभावित आक्रमणों से निपटेगी। लेकिन वह उत्तर कोरिया के साथ बातचीत के लिए भी दरवाजा खुला रखेंगे और कोरियाई प्रायद्वीप में शांति स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि वह व्यावहारिक कूटनीति अपनाएंगे और दक्षिण कोरिया-अमेरिका गठबंधन के आधार पर त्रिपक्षीय सियोल-वाशिंगटन-तोक्यो सहयोग को बढ़ावा देंगे। ली ने मंगलवार को हुआ मध्यावधि चुनाव जीता है और उनका कार्यकाल पांच साल का होगा।

### चीन ने ताइवान के पास सैन्य गतिविधियां बढ़ाई, लड़ाकू विमान और युद्धपोत भेजे



**बीजिंगख, एजेंसी।** चीन ने एक बार फिर ताइवान के चारों ओर अपनी सैन्य गतिविधियां बढ़ा दी हैं। बुधवार सुबह तक ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि चीन के 2 लड़ाकू विमान और 12 नौसैनिक जहाज ताइवान के पास देखे गए। दोनों विमान ताइवान की हवाई सीमा में घुसे और उत्तरी व पूर्वी इलाकों में मीडियन लाइन को पार किया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उन्होंने पूरी स्थिति पर नजर रखी और जवाब भी दिया। एक दिन पहले यानी मंगलवार को भी 3 चीनी विमान, 10 नौसैनिक जहाज और एक सरकारी जहाज ताइवान के आस-पास देखे गए थे। उनमें से एक विमान ताइवान की हवाई सीमा में घुसा था। पिछले महीने चीन ने दो एयरक्राफ्ट कैरियर और कई युद्धपोत ताइवान के उत्तर और दक्षिण की ओर भेजे थे। 1 से 27 मई के बीच करीब 70 चीनी जहाजों की गतिविधियां येलो सी से साउथ चाइना सी तक देखी गईं।

# अमेरिका में कृषि आतंकवाद फैलाना चाहता था चीन? खतरनाक बायो हथियार के साथ पकड़ी गई चीनी महिला

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की केंद्रीय जांच एजेंसी एफबीआई ने एक चीनी नागरिक को अमेरिका में एक खतरनाक जैविक रोगजनक की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार की गई चीनी नागरिक का नाम युनकिंग जियान है। जियान पर आरोप है कि वह एक खतरनाक जैविक रोगजनक (बायोलॉजिकल पैथोजन) को अमेरिका में तस्करी कर लाई थी। खुद एफबीआई प्रमुख काश पटेल ने मंगलवार को इस मामले की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की। पटेल ने बताया कि गिरफ्तार की गई महिला युनकिंग जियान यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन में काम कर रही थी। उस पर आरोप है कि उसने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के प्रति वफादारी जताई है और उसे चीन सरकार से इसी फंगस पर काम करने के लिए फंडिंग भी मिली थी। चीनी महिला पर जिस पैथोजन की तस्करी का आरोप है उसे विज्ञान की दुनिया में संभावित कृषि आतंकवाद हथियार के रूप में वर्गीकृत किया गया है। कौन-सी फंगस तस्करी की गई? पटेल के मुताबिक, जियान ने फ्यूजेरियम ग्रैमिनेरम नाम की खतरनाक फंगस को अमेरिका में लाकर रिसर्च के लिए इस्तेमाल किया। यह फंगस एक एग्रो-टेररिज्म एजेंट मानी जाती है जो गेहूं, जौ, मक्का और धान जैसी प्रमुख फसलों में हेड ब्लाइट नामक रोग फैलाती है। यह न केवल फसलों को भारी नुकसान पहुंचाती है, बल्कि इंसानों और जानवरों की सेहत के लिए भी



खतरनाक मानी जाती है। पटेल ने लिखा, यह फंगस हर साल दुनियाभर में अरबों डॉलर की आर्थिक क्षति पहुंचाने के लिए जिम्मेदार है।

**बॉयफ्रेंड भी आरोपी, चीन से लाई गई फंगस :** जांच एजेंसियों ने इस मामले में जियान के प्रेमी जुनयोंग लियू को भी आरोपी बनाया है, जो चीन की एक यूनिवर्सिटी में कार्यरत है। आरोप है कि उसने पहले झूठ बोला लेकिन बाद में कबूल किया कि वह भी यही फंगस डेट्रॉइट मेट्रोपॉलिटन एयरपोर्ट के जरिए अमेरिका लाया था, ताकि यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन में रिसर्च कर सके।

**कई संगीन आरोप, संयुक्त जांच में खुलासा :** जियान और लियू दोनों पर षड्यंत्र, अमेरिका में अवैध वस्तुएं तस्करी करने, झूठे बयान देने और वीजा धोखाधड़ी जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इस पूरे मामले की जांच एफबीआई और यूएस कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन ने मिलकर की। कश पटेल ने कहा, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) लगातार ऐसे एजेंट और रिसर्चर अमेरिका की संस्थाओं में भेज रही है, जिनका मकसद हमारे खाद्य आपूर्ति तंत्र को निशाना बनाना है। यह अमेरिका के नागरिकों और अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर खतरा है। यह मामला ऐसे वक्त पर सामने आया है जब अमेरिका और चीन के बीच संबंधों में लगातार तनाव बढ़ रहा है। ट्रंप प्रशासन हाल ही में चीनी छात्रों के वीजा पर सख्ती बरतने की घोषणा कर चुका है।

**एफबीआई निदेशक काश पटेल की चेतावनी :** एफबीआई निदेशक काश पटेल ने फॉक्स न्यूज डिजिटल को दिए बयान में इस मामले को अमेरिका की खाद्य आपूर्ति के लिए गंभीर राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे के रूप में बताया। उन्होंने कहा, यह मामला एक गंभीर चेतावनी है कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) लगातार अपने जासूसों और शोधकर्ताओं को हमारी संस्थाओं में घुसपैठ करने और हमारी खाद्य आपूर्ति को निशाना बनाने के लिए तैनात कर रही है, जो हमारी अर्थव्यवस्था को पंगु बना सकता है और अमेरिकी लोगों की जान को खतरे में डाल सकता है। उन्होंने आगे कहा, ज्ञात कृषि आतंकवाद एजेंट को अमेरिका में तस्करी करना केवल कानून का उल्लंघन नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सीधा खतरा है। मैं एफबीआई डेट्रॉयट डिवीजन और हमारे सहयोगी सीबीपी (कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन) को इस जैविक खतरे को वास्तविक नुकसान पहुंचाने से पहले रोकने के लिए बधाई देता हूं।

यह मामला ऐसे समय में सामने आया है जब ट्रंप प्रशासन ने चीनी छात्रों के वीजा को आक्रामक रूप से रद्द करने की घोषणा की है, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े हैं या महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अध्ययन कर रहे हैं। यह घटना विदेशी नागरिकों द्वारा अमेरिका में शोध करने से संबंधित चल रही राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को और बढ़ा देती है।

## कोलोराडो हमले के आरोपी सोलीमन का परिवार हिरासत में, आव्रजन अधिकारियों ने दी निर्वासन की धमकी

**वॉशिंगटनख, एजेंसी।** अमेरिका के कोलोराडो के पर्ल स्ट्रीट मॉल में हमला करने वाले संदिग्ध मोहम्मद साबिर सोलीमन के परिवार पर कार्रवाई की जा रही है। आव्रजन अधिकारियों ने आरोपी सोलीमन की पत्नी और पांच बच्चों को हिरासत में लिया है। साथ ही उन्हें निर्वासित करने की धमकी दी। व्हाइट हाउस ने एक्स पर लिखा कि 45 वर्षीय मोहम्मद सबरी सोलीमन के परिवार को मंगलवार रात तक निर्वासित किया जा सकता है। ऐसा बेहद कम होता है जब किसी आरोपी के परिवार को हिरासत में लेकर निर्वासन की धमकी दी जाती है। अमेरिका के कोलोराडो में बोल्डर के पर्ल स्ट्रीट मॉल के बाहर इस्राइल समर्थक लोग गाजा में बंधक लोगों के लिए रैली निकाल रहे थे तो उन पर हमला किया गया था। हमले को एफबीआई ने आतंकी घटना मानते हुए मिस्र के नागरिक मोहम्मद साबरी सोलीमन को हिरासत में लिया था। आरोपी ने हमले के बाद फलस्तीन की आजादी के नारे भी लगाए गए थे। वह एक साल से हमला करने की योजना बना रहा था। वह सभी यहूदी विरोधियों को मारना चाहता था। लेकिन उसने अपनी बेटी के हाईस्कूल के लिए हमले का प्लान टाल दिया था। हमले में छह लोग घायल हो गए थे। अफसरों ने बताया कि संदिग्ध सोलीमन प्रदर्शन कर रहे समूह के करीब माली बनकर पहुंचा था। उसने समूह के जितना संभव हो सके उतना करीब पहुंचने के लिए नारंगी बनियान के साथ माली जैसी पोशाक पहन रखी थी। उसकी कार से कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने 16 अप्रयुक्त मोलोटोव कॉकटेल बरामद किए हैं। ये कांच की वाइन की बोतलों या जार से बने थे, जिनमें साफ तरल पदार्थ और लाल कपड़े लटक रहे थे। सोलीमन ने पूछताछ में बताया कि उसके पास कुद 18 मोलोटोव कॉकटेल थे। उसने केवल दो को ही प्रदर्शनकारियों पर फेंका। उसके पास एक बैकपैक स्प्रेयर में गैस थी, लेकिन इसे किसी पर नहीं बल्कि खुद पर छिड़का क्योंकि उसने मरने की योजना बनाई थी। पूछताछ में सोलीमन ने अधिकारियों को बताया कि उसके परिवार सहित किसी को भी उसके हमले की योजना के बारे में पता नहीं था। उसने कोलोराडो स्प्रिंग्स स्थित अपने घर में डेस्क की दराज में आईफोन छिपाकर रखा था। इसमें परिवार के लिए संदेश थे। गिरफ्तारी के बाद उसकी पत्नी ने उसका फोन पुलिस को सौंप दिया।

## कनाडा के टोरंटो शहर में भीषण गोलीबारी, एक शख्स की मौत, पांच लोग गंभीर रूप से घायल

**टोरंटोख, एजेंसी।** कनाडा के टोरंटो में सामूहिक गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है और कई अन्य घायल हो गए हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, गोलीबारी नॉर्थ यॉर्क के लॉरेंस हाइट्स इलाके में हुई। टोरंटो पुलिस ने पुष्टि की है कि कम से कम पांच लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टोरंटो की मेयर ओलिविया चाउ और स्थानीय पार्षद डिप्टी मेयर माइक कोल ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, लॉरेंस हाइट्स इलाके में आज शाम हुई गोलीबारी की खबर से व्यथित हूं। मेरा कार्यालय टोरंटो पुलिस के संपर्क में है, जो अभी घटनास्थल पर हैं और पुलिस हमले की जांच कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, कनाडा के टोरंटो में हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। घटना के आसपास की परिस्थितियों की जांच की जा रही है। आपातकालीन दल ने मंगलवार को रात करीब 8ः30 बजे शहर के उत्तरी हिस्से में लॉरेंस हाइट्स इलाके में इसकी सूचना दी है। टोरंटो पुलिस संचालन केंद्र के अनुसार, यह घटना फ्लेमिंगटन रोड और ज़ैचरी कोर्ट के पास हुई है। टोरंटो पुलिस ने शुरू में बताया था कि चार लोगों को गोली लगी थी, लेकिन बाद में पैरामेडिक्स की ओर से अपडेट, जिसका हवाला सीपी24 ने दिया।

## ईरानी पुलिस ने लापता हुए तीन भारतीयों को बचाया

**तेहरान एजेंसी।** ईरानी पुलिस ने पिछले महीने लापता हुए तीन भारतीयों को बचाया है। भारत स्थित ईरानी दूतावास ने इसकी जानकारी दी। दूतावास ने स्थानीय मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि पिछले महीने ईरान में लापता हुए तीन भारतीय नागरिकों को सफलतापूर्वक बचा लिया गया है। ये स्थानीय ट्रैवल कंपनी की ओर से आकर्षक नौकरी का वादा किए जाने के बाद ऑस्ट्रेलिया जा रहे थे। तीनों व्यक्तियों की पहचान जसपाल सिंह, हुसनप्रीत सिंह और अमृतपाल सिंह के रूप में हुई है, जो पंजाब के रहने वाले हैं और पहली मई को तेहरान पहुंचने के तुरंत बाद लापता हो गए थे।

दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पुष्टि की कि तेहरान पुलिस ने लापता व्यक्तियों को मुक्त कर दिया है। ईरानी दूतावास ने पोस्ट किया, तेहरान पुलिस ने तीन लापता भारतीय नागरिकों को मुक्त करा लिया है। ईरान में स्थानीय मीडिया का कहना है कि पुलिस ने ईरान में लापता हुए तीन भारतीयों को ढूंढ़कर रिहा करा लिया है। ईरानी समाचार एजेंसी मेहर के अनुसार, ये लोग एक स्थानीय ट्रैवल कंपनी द्वारा आकर्षक नौकरी का वादा किये जाने के बाद ऑस्ट्रेलिया जा रहे थे।

तस्नीम समाचार आउटलेट के मुताबिक, तीनों को दक्षिणी तेहरान स्थित वरामिन में बंधक बनाने वालों के खिलाफ पुलिस अभियान के बाद बचाया गया। लापता व्यक्तियों के परिवार के सदस्यों द्वारा अपने रिश्तेदारों के अचानक लापता होने पर गंभीर चिंता व्यक्त करने के बाद भारतीय दूतावास ने 28 मई को एक बयान जारी किया था।

बयान में कहा गया है, तीन भारतीय नागरिकों के परिवार के सदस्यों ने भारतीय दूतावास को




सूचित किया है कि उनके रिश्तेदार ईरान की यात्रा के बाद लापता हो गए हैं। दूतावास ने इस मामले को ईरानी अधिकारियों के समक्ष जोरदार तरीके से उठाया है और अनुरोध किया है कि लापता भारतीयों का तत्काल पता लगाया जाए और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। हम दूतावास द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में परिवार के सदस्यों को नियमित रूप से जानकारी दे रहे हैं। रिपोर्टों से यह भी पता चला है कि परिवारों को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक करोड़ रुपये की फिरौती की मांग की गई थी, तथा धमकी भरे कॉल पाकिस्तानी फोन नंबरों से आए थे। इसने गंभीर चिंता पैदा कर दी, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की ओर से कूटनीतिक बातचीत तेज हुई। भारत में ईरानी दूतावास ने इन घटनाक्रमों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ईरान के विदेश मंत्रालय का काउंसलर मामलों का विभाग इस मामले पर करीब से नजर रख रहा है। दूतावास ने भारतीय नागरिकों को चेतावनी भी जारी की, जिसमें उन्हें सलाह दी गई कि अन्य देशों की यात्रा की पेशकश करने वाले अनधिकृत व्यक्तियों या अवैध भारतीय एजेंसियों के वादों से धोखा न खाएं। भारत ने पहले भी ईरान की यात्रा करने वाले अपने नागरिकों के लिए यात्रा परामर्श जारी किया था, जिसमें उनसे सावधानी बरतने, तेहरान स्थित भारतीय दूतावास और वाणिज्य दूतावासों के साथ संपर्क में रहने तथा असत्यापित ट्रैवल एजेंटों या बिचौलियों से बचने का आग्रह किया गया था।

## मस्क ने ट्रम्प के फंडिंग बिल को शर्मनाक बताया

**वॉशिंगटन डीसीख, एजेंसी।** टेस्ला के मालिक इलॉन मस्क ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नए फंडिंग बिल की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसे घिनौना और शर्मनाक बताया है। मस्क ने अपनी पोस्ट में लिखा, मैं अब और सहन नहीं कर सकता। यह बिल बहुत बड़ा, बेतुका और फिजूल खर्चों से भरा है। जिन लोगों ने इसके पक्ष में वोट दिया, उन्हें शर्म आनी चाहिए। मस्क ने कहा कि इस बिल से अमेरिका का बजट घाटा 2.5 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस (संसद) देश को दिवालिया बना रही है। एक दूसरे पोस्ट में मस्क ने कहा कि अगले साल नवंबर में हम उन सभी राजनेताओं को हटाएंगे, जिन्होंने जनता को धोखा दिया है। इस बिल का नाम वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट है। यह ट्रम्प के 2017 के टैक्स कट्स को आगे बढ़ाता है। इसके अलावा सेना और बॉर्डर सुरक्षा पर खर्च बढ़ाता है। इसके बदले गरीबों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाएं, फूड सपोर्ट और अन्य योजनाओं में कटौती की जा रही है। सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक, यह बिल अगले 10 साल में अमेरिका के कर्ज में करीब 3.8 ट्रिलियन डॉलर का इजाफा करेगा। अभी अमेरिका पर कुल



36.2 ट्रिलियन डॉलर का कर्ज है। बिग ब्यूटीफुल बिल के 5 पॉइंट्स, जिससे मस्क नाराज इनकम टैक्स और एस्टेट टैक्स में 2017 में की गई कटौती को स्थायी बनाना, टैक्स कटौती को बढ़ाने का भी प्रस्ताव। ओवरटाइम और सोशल सिक्योरिटी इनकम पर टैक्स कटौती का प्रस्ताव। व्हाइट हाउस का कहना है कि सालाना 30 से 80 हजार डॉलर की कमाई वालों को अगले साल 15प्रतिशत कम टैक्स देना होगा। अवैध इमिग्रेशन रोकने के लिए बॉर्डर सिक्योरिटी और अमेरिकी सेना को मजबूत करने पर ज्यादा खर्च करना। सरकार में फिजूलखर्ची, धोखाधड़ी और दुरुपयोग रोकने के लिए कड़े इंतजाम। डेब्ट सीलिंग यानी सरकार कितना कर्ज ले सकती है, उसकी सीमा बढ़ाना। ये सीमा समय-समय पर बढ़ानी पड़ती है ताकि सरकार अपने बिल और खर्चे चुका सके। ट्रम्प ने इस बिल की तारीफ करते हुए कहा कि यह अविश्वसनीय है और बजट घाटा कम करता है। उन्होंने संकेत दिया कि वो और बड़े टैक्स कट्स चाहते हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लीविट ने कहा कि राष्ट्रपति को मस्क की राय पहले से पता है और वे बिल को सही मानते हैं। इलॉन मस्क ने 29 मई को ट्रम्प प्रशासन का साथ छोड़ दिया था।

## इमरान बोले- आसिम मुनीर ने मेरी बीवी को जेल भेजा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। खान ने कहा कि जनरल मुनीर ने बदला लेने के लिए मेरी पत्नी बुशरा बीवी को जेल में बंद किया था। इमरान ने सोमवार को अपने ङ्ग पोस्ट में कहा- जब मैंने प्रधानमंत्री रहते हुए आसिम मुनीर को ढ्ढस्ढ्ढ चीफ के पद से हटाया, तो उन्होंने मेरी पत्नी बुशरा बीबी से संपर्क करने की कोशिश की। लेकिन बुशरा ने साफ मना कर दिया और कहा कि वह ऐसे मामलों में नहीं पड़ती हैं। इसके बाद उन्हें एक के बाद एक झूठे मामलों में फंसाया जा रहा है। वह एक हाउस वाइफ हैं, उनका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। मुझे पिछले चार हफ्तों से उनसे मिलने की इजाजत भी नहीं दी गई। खान ने बताया कि जेल नियमों के मुताबिक, उन्हें 1 जून को बुशरा से मिलना था, लेकिन कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करते हुए यह मुलाकात रद्द कर दी गई। खान पिछले 2 साल से रावलपिंडी की अडियाला जेल में कई मामलों में बंद हैं। खान ने 9 मई 2023 की घटनाओं को लंदन प्लान का हिस्सा बताया, जिसका मकसद उनकी पार्टी क्क्षढ्ढ को खत्म करना था। उन्होंने ने कहा- इसके तहत मुझे और मेरे नेताओं को गैरकानूनी तरीके से जेल में डाला गया। शरीफ व जरदारी जैसे भ्रष्ट लोगों को देश पर थोपा गया। खान ने पाकिस्तान की न्यायपालिका को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि 9 मई 2023 और 26 नवंबर 2024 को प्रदर्शनकारियों पर हुए हमलों की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग बनाया जाए। उन्होंने पाकिस्तान की चीफ जस्टिस काजी फाइज ईसा की तुलना जस्टिस मुनीर से की। जस्टिस मुनीर अपने पक्षपाती फैसलों के लिए बदनाम थे। खान ने कहा- कोर्ट सबूतों के आधार पर फैसला देने की बजाय अपनी नौकरी बचाने में लगी है। पिछले हफ्ते, एक पाकिस्तानी अदालत ने 9 मई 2023 को इस्लामाबाद में हिंसक प्रदर्शन के लिए PTI के 11 समर्थकों, जिसमें एक सांसद भी शामिल है, को सजा सुनाई। उस दिन PTI कार्यकर्ताओं ने इमरान की गिरफ्तारी के विरोध में सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया और मिलिट्री ठिकानों पर हमला किया था। आसिम मुनीर इमरान खान की सरकार के वक्त पाकिस्तान की सीक्रेट एजेंसी ISI के हेड थे। 2018 तक मुनीर का आर्मी करियर शानदार चल रहा था। मार्च में उन्हें पाकिस्तान का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान 'हिलाल-ए-इम्तियाज' दिया गया था। 25 अक्टूबर 2018 को उन्हें ISI का डीजी बनाया गया, लेकिन 8 ही महीने बाद जून 2019 में उन्हें हटाकर उनकी जगह लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद को ISI का नया डीजी बना दिया गया और मुनीर को गुजरांवाला में ङ्गङ्गङ्ग कोर में बतौर कमांडर तैनात कर दिया गया। पहली बार कोई डीजी इतने कम समय में पद से हटाया गया था, इसकी वजह थी मुनीर का इमरान खान से झगड़ा। दरअसल, पाक आर्मी के जनरल कमर जावेद बाजवा, इमरान के करीबी थे। पाकिस्तान में आर्मी और ISI के ऑफिसर्स का भ्रष्टाचार का पुराना इतिहास है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि मुनीर ने इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी के करप्शन के एक मामले को उजागर कर दिया था। इसलिए इमरान खान के कहने पर बाजवा ने मुनीर को ढ्ढस्ढ्ढ से बाहर का रास्ता दिखाया था।

## कारखाने बंद, मजदूरों को वेतन नहीं... चीन में मचने लगा हाहाकार, ट्रंप के टैरिफ ने कर दी करारी चोट

**बीजिंगख, एजेंसी।** अमेरिका और चीन के बीच जारी ट्रेड वॉर भले ही थमता हुआ दिख रहा हो, लेकिन इसके असर से चीन की अर्थव्यवस्था अब भी उबर नहीं सकी है। मई 2025 में अमेरिकी टैरिफ का चीन की विनिर्माण गतिविधियों पर बड़ा प्रभाव पड़ा है। नई रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीन का मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई (क्क्रूढ्ढ) गिरकर 48.3 पर पहुंच गया है, जो सितंबर 2022 के बाद से सबसे निचला स्तर है। यह संकेत है कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था इस समय गहरे दबाव में है।

पीएमआई एक इंडिकेटर होता है जिससे किसी देश की विनिर्माण गतिविधियों की स्थिति का आंकलन किया जाता है। इसका स्तर अगर 50 से ऊपर होता है तो यह विस्तार (द्दह्म्श2ह्लद्ध) दर्शाता है और 50 से नीचे जाने का मतलब होता है कि विनिर्माण गतिविधियों में संकुचन हो रहा है। मई में चीन का मैन्युफैक्चरिंग क्क्रूढ्ढ गिरकर 48.3 पर आ गया, जबकि अप्रैल में यह 50.4 था। यह लगातार दूसरा महीना है जब चीन के विनिर्माण क्षेत्र में गिरावट दर्ज की गई है। यह आंकड़ा रॉयटर्स के 50.6 के अनुमान से भी काफी नीचे रहा। यह इशारा करता है कि चीन की अर्थव्यवस्था में स्थिरता लाने की कोशिशें अभी कामयाब नहीं हो रही हैं।

हाल ही में वॉल स्ट्रीट जनरल की रिपोर्ट में बताया गया कि अमेरिका की तरफ से चीन के उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ अभी भी भारी दबाव बना रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने भले ही स्विट्जरलैंड में हुई एक अहम बैठक के बाद 145प्रतिशत तक पहुंचे टैरिफ को 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया हो, लेकिन इसका लाभ फिलहाल चीनी अर्थव्यवस्था को मिलता नहीं दिख रहा। पीटरसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल



इकोनॉमिक्स के अनुसार, इन रियायतों के बाद भी चीन से अमेरिकी आयात पर औसतन 51.1प्रतिशत टैरिफ अब भी लागू है, जबकि चीन द्वारा अमेरिकी आयात पर लगाई गई ड्यूटी औसतन 32.6प्रतिशत है। इसके बावजूद चीन की फैक्ट्रियां विदेशी मांग में गिरावट के चलते दबाव में हैं। कैक्सिन और एसएंडपी ग्लोबल द्वारा किए गए सर्वे में बताया गया कि चीन की फैक्ट्रियों को नए निर्यात ऑर्डर मिलने में भारी गिरावट आई है। जुलाई 2023 के बाद यह अब तक का सबसे निचला स्तर है। सर्वे में यह भी सामने आया कि घरेलू मांग भी कमजोर हुई है और इसके चलते फैक्ट्रियों के पास उत्पादों का स्टॉक जमा होता जा रहा है। मांग की कमी से उत्पादन घट रहा है और इससे रोजगार में भी गिरावट दर्ज की गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी 2025 के बाद मई में रोजगार में सबसे तेज गिरावट आई है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सरकार लंबे समय से आर्थिक स्थिरता और घरेलू उत्पादन बढ़ाने पर जोर दे रही है। सरकार ने विभिन्न योजनाओं और राहत पैकेज के माध्यम से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को पुनर्जीवित करने की कोशिश की, लेकिन फिलहाल नतीजे सकारात्मक नहीं दिख रहे हैं। चीन की सरकार उम्मीद कर रही थी कि अमेरिका के साथ ट्रेड वॉर में कुछ नरमी से स्थिति में सुधार होगा, लेकिन मई 2025 का डेटा दिखाता है कि टैरिफ का प्रभाव धीमा जरूर पड़ा है लेकिन खत्म नहीं हुआ है।

# मेरा और क्रिकेट का सफर यहीं तक... अक्षर पटेल ने लिया संन्यास?



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 के समापन के ठीक बाद एक वीडियो ने सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी है। जिसमें बताया जा रहा है कि, दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने संन्यास ले लिया। अक्षर पटेल का कहना है कि उन्होंने क्रिकेट को अलविदा कहने का निर्णय ले लिया है। वायरल वीडियो में अक्षर कहते दिख रहे हैं कि उनका और क्रिकेट का सफर सिर्फ यहीं तक था।

बता दें कि, इस वीडियो में अक्षर पटेल ने रिटायरमेंट स्पीच देते हुए कहा कि, बहुत अहम अनाउंसमेंट, मेरे लिए ये घोषणा करना आसान नहीं है। क्रिकेट ने मुझे सब दिया है मेरी पहचान और आपका प्यार लेकिन हर एक सफर का एक अंत होता है। शायद मेरा और क्रिकेट का सफर यहीं तक का था।

### जानें क्या है सच?

बता दें कि, अक्षर पटेल भारत के बेहतरीन ऑलराउंडर खिलाड़ियों में से एक हैं। इंस्टाग्राम पर द्वह्लद्वद्बश्चद्यद्ब2025 नाम से एक यूजर ने वीडियो शेयर किया है। जिसमें अक्षर पटेल का वीडियो दिखा रहा है। इस वीडियो में अक्षर पटेल अपने रिटायरमेंट का ऐलान करते हुए दिख रहे हैं।

हालांकि, इस वीडियो को फेक बताया जा रहा है। साथ ही कहा जा रहा है कि ये वीडियो, द्ब जनरेटेड है। वहीं अक्षर पटेल के ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से इस तरह का कोई भी वीडियो या बात नहीं कही गई है।

# डब्ल्यू.पी.एल और प्रदेश लीग ने दिखा दिया कि महिला क्रिकेट से राजस्व मिल सकता है : स्मृति मंधाना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का मानना है कि WPL और विभिन्न प्रादेशिक लीग ने साबित कर दिया है कि देश में महिला क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है और आर्थिक रूप से मजबूत भी। मंधाना पहली महिला महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में रत्नागिरी जेट्स की कप्तान होंगी।

उन्होंने टीम द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, 'महिला क्रिकेट को इस तरह का मंच मिलना अद्भुत है। प्रदेश संघों और WPL ने भी इसमें काफी मदद की है। इससे साबित होता है कि महिला क्रिकेट राजस्व बना सकता है जो बहुत अच्छी बात है।' उन्होंने कहा, 'लोग अब महिला क्रिकेट में पैसे लगाने को तैयार हैं।'

मंधाना ने कहा, 'खेल जितना पेशेवर होगा, उतना ही बेहतर होगा खासकर जमीनी स्तर के क्रिकेटरों के लिए। भारत में इस समय महिला क्रिकेट में निवेश आ रहा है जिससे खिलाड़ी को निखरने में मदद मिल रही है। हमारे करियर में हमें काफी देर से फिटनेस और इन चीजों के महत्व के बारे में पता चला था।' उन्होंने कहा, 'लेकिन मुझे यकीन है कि क्लब और बाकी पहल से इन खिलाड़ियों को इसकी बेहतर जानकारी होगी और वे अच्छी तैयारी से आएंगे।'

# बाहर से शांत पाटीदार के भीतर सफलता के लिए ज्वालामुखी जैसी आग है - कोच अमय खुरासिया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को इंडियन प्रीमियर लीग में पहली बार खिताब दिलाने वाले कप्तान रजत पाटीदार की तारीफ करते हुए जूनियर दिनों के उनके कोच अमय खुरासिया ने कहा कि संकल्प को पूरा करने की उनकी मजबूत इच्छाशक्ति उन्हें खास बनाती है। भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी खुरासिया लंबे समय तक इंदौर में मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (एपीसीए) के अकादमी के मुख्य कोच रहे हैं और उनके मार्गदर्शन में पाटीदार ने अपनी बल्लेबाजी और नेतृत्व कौशल में काफी सुधार किया है।

खुरासिया ने पाटीदार को मजबूत इच्छाशक्ति वाली खिलाड़ी करार देते हुए कहा कि वह बाहर से बेहद सौम्य और शांत दिखते है लेकिन उनके अंदर सफलता के लिए ज्वालामुखी जैसे आग है। बायें हाथ के पूर्व बल्लेबाज ने कहा, 'धैर्य और सही समय पर सही फैसला लेना सफल व्यक्ति के दो बड़े गुण होते है और पाटीदार इन दोनों कसौटी पर पूरी तरह से खरे उतरते हैं।'

पाटीदार ने अपनी कप्तानी कौशल से प्रभावित करने के साथ इस सत्र में 15 मैचों में दो अर्धशतक की मदद से 312 रन बनाये। उन्होंने आईपीएल में 42 मैचों में एक शतक और नौ अर्धशतक की मदद से 1111 रन बनाए हैं। पाटीदार इस फ्रेंचाइजी से चोटिल खिलाड़ी के विकल्प के तौर पर जुड़े थे लेकिन 2022 सत्र में लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ शतकीय पारी खेलकर उन्होंने टीम में जगह पक्की की। आरसीबी ने जब उन्हें इस सत्र से पहले कप्तान बनाने का फैसला किया तो कइयों को हैरानी हुई थी लेकिन यह 'मास्टरस्ट्रोक' साबित हुआ। पाटीदार ने 13 मैचों की टीम की अगुवाई की जिसमें से 10 में जीत दर्ज की। टीम ने इस दौरान खिताब उठाने के साथ पहली बार चेन्नई सुपर किंग्स को उसके घर में मात दी। आरसीबी ने जब पाटीदार को कप्तान बनाया तभी खुरासिया को लगा गया था कि यह टीम इस सत्र में कुछ खास करेगी।

# भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम का ऐलान, ओवरटन की वापसी, एटकिंसन बाहर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए टीम की घोषणा कर दी है। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर जेमी ओवरटन को वापस बुलाया गया है। उनके अलावा जैकब बेथेल, क्रिस वोक्स और ब्रायडन कार्स सभी पिछले महीने ट्रेंट ब्रिज में आयोजित जिम्बाब्वे टेस्ट से चूकने के बाद टीम में वापस आ गए हैं।

जून 2022 में हेडिंग्ले में न्यूजीलैंड के खिलाफ पदार्पण करने के बाद पहली बार ओवरटन ने टेस्ट सेट-अप में आश्चर्यजनक वापसी की और 97 रन की मैच विजयी पारी खेली। 31 वर्षीय ओवरटन को 29 मई को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे के दौरान दाहिने हाथ की छोटी उंगली में फ्रैक्चर हो गया था। लेकिन इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा कि इंग्लैंड की मेडिकल टीम द्वारा ओवरटन का रोजाना आकलन और समीक्षा की जा रही है। ऑलराउंडर का चयन तेज गेंदबाज गस एटकिंसन के चयन के लिए अनुपलब्ध होने के कारण भी संभव हुआ, जो जिम्बाब्वे के खिलाफ हालिया टेस्ट के दौरान लगी दाहिनी हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे।

मार्क वुड और ओली स्टोन घुटने की चोटों के कारण श्रृंखला से बाहर हैं और जोफ्रा आर्चर अंगूठे की समस्या से जूझ रहे हैं, एटकिंसन की चोट का मतलब है कि इंग्लैंड भारत के खिलाफ श्रृंखला के अपने पहले मैच में कमजोर तेज गेंदबाजी आक्रमण के साथ उतरेगा। बेथेल के वापस आने का मतलब है कि इंग्लैंड को यह तय करने की जरूरत है कि वे जैक क्रॉली और ओली पोप को बरकरार रखते हैं या नहीं, जिन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक बनाए थे।

सैम कुक को जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद बरकरार रखा गया है, हालांकि क्रिस वोक्स और जोश टंग के पहली पसंद के तेज गेंदबाज होने की अधिक संभावना है। वोक्स और टंग दोनों पहले टेस्ट की तैयारी के लिए इस सप्ताह नॉर्थम्प्टन में भारत ए के खिलाफ दूसरे रेड-बॉल गेम में इंग्लैंड लायंस के लिए भी खेलेंगे। हेडिंग्ले में पहला टेस्ट खेले जाने के बाद भारत और इंग्लैंड एजबेस्टन, लॉर्ड्स और ओल्ड ट्रैफर्ड में टेस्ट खेलेंगे, जिसके बाद ओवल में श्रृंखला समाप्त होगी।

### भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, सैम कुक, जैक क्रॉली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), जोश टंग और क्रिस वोक्स।

# क्रुणाल चार बार आईपीएल खिताब जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल

मुम्बई । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली खिताबी जीत में स्पिनर क्रुणाल पांड्या की अहम भूमिका रही। क्रुणाल ने 4 ओवरों में ही 17 रन देकर दो अहम विकेट लेकर मैच पलट दिया था। क्रुणाल पांड्या ने प्रभसिमरन सिंह 26 और जोश इंगलिस 39 को आउट किया जो आरसीबी के लिए खतरनाक साबित हो सकते थे। आरसीबी की जीत के साथ ही क्रुणाल चार बार आईपीएल खिताब जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं। क्रुणाल के अलावा रवींद्र जडेजा और लसिथ मलिंगा भी चार-चार बार आईपीएल खिताब विजेता टीम का हिस्सा रहे हैं। वहीं आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा बार आईपीएल खिताब जीतने के मामले में रोहित शर्मा और अंबाती रायडू शीर्ष पर हैं। इन दोनों ही खिलाड़ियों ने छह-छह बार ट्रॉफी जीती हैं। वहीं इस सूची में दूसरे स्थान पर महेंद्र सिंह धोनी, कीरोन पोलार्ड और हार्दिक पांड्या जिन्होंने पांच-पांच बार आईपीएल खिताब जीता है। आरसीबी ने पंजाब के खिलाफ खिताबी मुकाबले में 190 रन बनाये। उसकी ओर से विराट कोहली ने सबसे अधिक 43 रन बनाये। वहीं पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह और काइल जैमीसन ने तीन-तीन विकेट लिए जबकि अजमतुल्लाह जजई, विजयकुमार वैशाख और युजवेंद्र चहल ने एक-एक विकेट लिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की टीम निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 184 रन ही बना पायी। आरसीबी के लिए शशांक सिंह ने 30 गेंदों में छह छक्कों और तीन चौकों के साथ नाबाद 61 रन बनाये पर वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये।



# टी20 मुंबई लीग में सूर्यकुमार की आक्रामक बल्लेबाजी, 27 गेंदों में अर्धशतक लगाया

मुम्बई । आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने यहां खेली जा रही टी20 मुंबई लीग में शानदार प्रदर्शन किया है। सूर्यकुमार ने टूर्नामेंट में ट्रायम्फ्स नाइट्स एमएनई टीम की कप्तानी करऐ हुए ईगल थाणे स्ट्राइकर्स के खिलाफ आक्रामक पारी खेली। सूर्या ने केवल 27 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया हालांकि वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये। ट्रायम्फ्स के लिए राहत कि बात ये रही की सूर्यकुमार का आईपीएल से शुरु हुआ फार्म बना हुआ है। ऐसे में विरोधी टीम के गेंदबाजों को उनके आउट होने पर राहत मिली। सूर्यकुमार ने ट्रायम्फ्स नाइट्स की ओर से 27 गेंदों में 8 चौके और 1 छक्के की सहायता से 50 रन बनाये। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 185.19 का था। इससे उनकी टीम ने 179 रन ही बना सकी और 180 रनों का जीत का लक्ष्य ईगल थाणे स्ट्राइकर्स को दिया। स्ट्राइकर्स ने अंतिम ओवर की दूसरी गेंद पर 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। आईपीएल 2025 की बात करें तो सूर्यकुमार ने 16 मैचों की 16 पारियों में कुल 717 रन बनाए थे। उनका औसत इस सत्र में 65.18 का रहा। वहीं, स्ट्राइक रेट 167.92 का था। सूर्या ने इस सत्र में सबसे अधिक 69 चौके और 38 छक्के लगाये हैं।



# विराट से बल्ला पाकर खुश नजर आये रजत



नई दिल्ली (ईएमएस)। आईपीएल में पहली बार खिताब जीतने से अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली बेहद खुश नजर आये। विराट की खुशी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अपनी टीम के कप्तान रजत पाटीदार को एक बल्ला उपहार में दिया। इसका एक वीडियो भी आया है इसमें जिसमें इन दोनों की दोस्ती और एकदूसरे के प्रति सम्मान और प्यार झलकता है। यह वीडियो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के ड्रेसिंग रूम का है। इसमें रजत अपने किटबैग के पास अकेले बैठे हुए हैं। वहीं दूसरे छोर पर कुछ साथी खिलाड़ी हैं। टीम में लंबे समय तक रहे दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज एबी डिविलियर्स भी वहीं थे। इस दौरान विराट वहां घूमते हुए अपने कप्तान की तारीफ करते हैं। विराट इसके बाद अपने किटबैग के पास आते हैं। वे एक बल्ला उठाते हैं और अपना स्टांस लेते हैं। रजत ये देखते हुए अंदाजा लगाने लगे कि क्या होने वाला है। वह समझ जाते हैं कि शायद उन्हें बल्ला मिल सकता है। तब वे कहते हैं कि जिससे खेलते हैं वो वाला। इसपर विराट वह बल्ला रजत की ओर उछाल देते हैं। वहीं रजत भी इसे वैसे ही प्यार से पकड़ते हैं।

# सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में, सिंधू इंडोनेशिया ओपन में हारीं

**जकार्ता (एजेंसी)।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने यहां इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू महिला एकल के दूसरे दौर में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। वर्ष 2023 के चैंपियन सात्विक और चिराग ने दबाव में शानदार जज्बा दिखाते हुए रासमुस गेम्के और फ्रेड्रिक सोगार्ड की डेनमार्क की दुनिया की 16वें नंबर की जोड़ी को 68 मिनट में 16-21, 21-18, 22-20 से हराया।

पिछले हफ्ते सिंगापुर ओपन सुपर 750 के सेमीफाइनल में पहुंचे सात्विक और चिराग के रूप में प्रतियोगिता में अब भारत की एकमात्र चुनौती बची है। सात्विक और चिराग की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी अगले दौर में मैन वेई चोंग और काई वुन टी की मलेशिया की सातवीं वरीय जोड़ी से भिड़ेगी। सात्विक ने कहा, 'आज के दिन ऐसा लगा जैसे हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए। यह रणनीति गलत होने के बारे में नहीं था, हम बस अंक गंवा रहे थे। हमने लगभग 15 से 20 अंक अपनी गलतियों से गवांए। वे अंक नहीं जीते - हमने उन्हें सौंप दिए।'

सात्विक ने कहा, 'पहले गेम में स्कोर 15-15 था और फिर अचानक यह 21-15 पर आ गया। मुझे लगा कि हम पर्याप्त रूप से एकाग्र नहीं थे। लेकिन फिर भी हमें भरोसा कायम रखा और एक समय में एक अंक लेते रहे।' कोच हमें कहते रहे, 'शांत रहो, अगर तुम हार भी गए तो कोई बात नहीं, बस आराम से खेलो।' इसलिए हमने शांत और संयमित रहने की कोशिश की, बस अपना खेल खेला और देखा कि चीजें कैसे होती हैं।'



इससे पहले निर्णायक गेम में हार के साथ सिंधू को दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। निर्णायक गेम में एक समय 15-11 से आगे चल रहीं सिंधू को 78 मिनट चले मुकाबले में अंततः 22-20, 10-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम के लिए यह निराशाजनक दिन रहा जब सतीश करुणाकरन और आद्या वरियथ की मिश्रित युगल जोड़ी के अलावा गायत्री गोपीचंद और त्रीशा जॉली की महिला युगल जोड़ी भी हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

सतीश और आद्या को देचापोल पुआवारानुक्रो और सुपिसारा पेइवसाम्प्रान की थाईलैंड की छठी वरीय जोड़ी के खिलाफ सिर्फ 25 मिनट में 7-21, 12-21 से हार झेलनी पड़ी। गायत्री और त्रीशा को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद युकी फुकुशिमा और मायु मात्सुमोतो की जापान की जोड़ी के खिलाफ 46 मिनट में 13-21, 22-24 से शिकस्त मिली।

सिंधू ने कहा, 'मुझे लगता है कि मुझे इसे जीत में बदलना चाहिए था। मैं तीसरे गेम में 16-13 से आगे थी लेकिन मुझे लगता है कि वहां से भी खेल थोड़ा तेज था इसलिए मुझे और अधिक नियंत्रण बनाना पड़ा। वहां से उसने बढ़त बना ली और मुझे लगता है कि मैंने स्कोर 18-18 से बराबर कर दिया। उस समय कोई भी जीत सकता था।' उन्होंने कहा, 'लेकिन कुल मिलाकर मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। अगर मैं आज इसे जीत में बदल पाती तो यह बहुत अच्छा होता। लेकिन हां, इस मैच और इस टूर्नामेंट से बहुत कुछ सीखने को मिला।'

सिंधू ने पहले गेम में में 10-16 से पिछड़ने के बावजूद इसे जीता लेकिन दूसरा गेम आसानी से गंवा दिया। निर्णायक गेम में भी भारतीय खिलाड़ी 15-11 से आगे थी लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार गलतियां की जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा। चोचुवोंग ने इसका फायदा उठाया और लगातार पांच अंक के साथ मुकाबले में अपनी पकड़ मजबूत की और फिर मैच जीत लिया।

# एंडी फ्लावर का दावा- केकेआर ने बर्बाद किया वेंकटेश अय्यर का करियर



खेल डैस्क । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सबसे महंगे खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर को लेकर सनसनीखेज बयान दिया है। 3 जून को आरसीबी ने आईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर 18 साल के लंबे इंतजार के बाद अपनी पहली आईपीएल ट्रॉफी जीती। उनका सबसे महंगा खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड था, जिन्हें 12.50 करोड़ रुपए में खरीदा गया। आरसीबी ने भारतीय प्रतिभाओं पर ध्यान केंद्रित किया और श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, केएल राहुल जैसे बड़े नामों के लिए ज्यादा कोशिश नहीं की। उनकी यह रणनीति शानदार साबित हुई, क्योंकि उन्होंने 17 सीजन बाद पहला खिताब जीता। खिताब जीतने के बाद, एंडी फ्लावर ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि आरसीबी नीलामी में वेंकटेश अय्यर के लिए 23.50 करोड़ रुपये खर्च करने को तैयार थी, लेकिन केकेआर ने उन्हें 23.75 करोड़ रुपये में रिटेन कर लिया। दुर्भाग्यवश, अय्यर केकेआर के लिए इस भारी कीमत को सही नहीं ठहरा सके। उन्होंने 11 मैचों में केवल 142 रन बनाए, 20.29 की औसत और 139.22 की स्ट्राइक रेट के साथ। फ्लावर ने दावा किया कि अगर वेंकटेश आरसीबी का हिस्सा होते, तो उनका सीजन शानदार होता। उन्होंने अहमदाबाद में फाइनल के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हमने वेंकटेश को बहुत ऊंचा आंका था; इसलिए हमने उनके लिए इतना बड़ा दांव लगाया। हमारी टीम में मजबूत भारतीय कोर चाहिए था। हम युवा और रोमांचक क्रिकेटरों के साथ-साथ टॉप ऑर्डर में एक बाएं हाथ के बल्लेबाज चाहते थे। हमें वह नहीं मिला। मुझे लगता है कि अगर वह हमारे लिए खेलते, तो उनका सीजन बहुत शानदार होता।卐

# रोनाल्डो के गोल से जर्मनी को 2-1 से हराकर नेशंस लीग के फाइनल में पहुंची पुर्तगाल

म्यूनिख । स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के शानदार गोल से पुर्तगाल ने यूईएफए नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जर्मनी को 2-1 से हराकर बाहर कर दिया। खराब मौसम के कारण ये मुकाबला 10 मिनट देर से शुरु हुआ। जर्मनी ने शुरुआत से ही हमले शुरु कर दिये। लियोन गोरेट्जका के अलावा निक वोल्टमेड ने भी गोल करने के लिए मूव बनाये पर सफल नहीं हुए। फ्लोरियन विट्र्ज ने 48वें मिनट पर मैच का पहला गोल दागकर जर्मनी को 1-0 से लीड में ला दिया। वहीं रोनाल्डो की पुर्तगाल ने भी वापसी करते हुए हमले किये और जर्मन की रक्षा पंक्ति की पोल खो दी। वहीं पुर्तगाल के फ्रांसिस्को कॉन्सेइकाओ ने 63वें मिनट में एक गोल कर मुकाबला 1-1 से बराबरी पर ला दिया। जर्मनी की टीम को यहां से दबाव में आ गयी। मेंडेस के पास पर रोनाल्डो ने गोल कर टीम की बढ़त 2-1 कर दी। इसी के साथ रोनाल्डो 40 साल और 119 दिन की उम्र में जर्मनी के खिलाफ गोल करने वाले सबसे अधिक उम्र के खिलाड़ी बन गए। जर्मनी अब रविवार को तीसरे स्थान के लिए प्लेऑफ में उतरेगी, जबकि पुर्तगाल फाइनल में उतरेगी।

# बिहार का 14 साल का सितारा : वैभव ने किया आईपीएल 2026 का दमदार वादा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मात्र 14 साल की उम्र में बिहार के युवा क्रिकेट सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने अपने पहले आईपीएल सीजन में धमाल मचा दिया। राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए वैभव ने अपनी नन्ही उम्र में बेखौफ बल्लेबाजी और अद्भुत परिपक्वता से सबको हैरान कर दिया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अप्रैल 2025 में जयपुर में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में 101 रनों की तूफानी पारी खेलकर सुर्खियां बटोरीं। उनकी इस पारी में 7 चौके और 11 छक्के शामिल थे। यह भारतीय खिलाड़ी द्वारा आईपीएल इतिहास का सबसे तेज शतक और कुल मिलाकर दूसरा सबसे तेज शतक था।

इस उपलब्धि ने उन्हें 14 साल और 32 दिन की उम्र में टी20 क्रिकेट में शतक बनाने वाला सबसे युवा पुरुष खिलाड़ी बना दिया। हालांकि राजस्थान रॉयल्स का सीजन निराशाजनक रहा, लेकिन वैभव की विस्फोटक बल्लेबाजी ने सभी का ध्यान खींचा। उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए उन्हें आईपीएल 2025 के फाइनल समारोह में 'सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

वैभव ने भविष्य की योजनाओं पर बात करते हुए कहा कि वह अपने पहले सीजन से सीख लेते हुए अपनी गलतियों को सुधारना चाहते हैं और 2026 के आईपीएल में और बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। आईपीएल की आधिकारिक वेबसाइट पर साझा किए गए एक वीडियो में वैभव ने कहा कि आईपीएल में खेलना हर किसी का सपना होता है। मुझे पहले सीजन से बहुत कुछ सकारात्मक मिला और मैंने यह भी सीखा कि अगले सीजन में टीम के लिए मैं क्या बेहतर कर सकता हूं। अगले साल मैं अपनी गलतियों पर काम करूंगा और टीम के लिए और बेहतर प्रदर्शन करूंगा। वैभव ने अपने पहले सीजन की समीक्षा करते हुए कहा कि मेरी सीख यह है कि मुझे इस बार से दोगुना बेहतर करना है ताकि अगले साल मेरी टीम फाइनल में खेले। मैं इस बात पर ध्यान दूंगा कि मैं अपनी टीम के लिए कितना योगदान दे सकता हूं। शानदार आईपीएल डेब्यू के बाद, वैभव को इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम में चुना गया है, जिसकी कप्तानी आयुष माहात्रे करेंगे। वैभव ने कहा कि यह एक नया टूर्नामेंट है। मैं पहली बार यूके जा रहा हूं, यह एक नया अनुभव होगा। आयुष माहात्रे, जो इस बार चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेले, हमारे कप्तान हैं। तैयारी अच्छी चल रही है, और हम ट्रॉफी के साथ लौटने की कोशिश करेंगे। वैभव



ने आईपीएल 2025 में 7 मैचों में एक अर्धशतक और एक शतक की मदद से 36 की औसत और 206.55 की स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाए।

# ज्वेरेव को हराकर फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे जोकोविच

पेरिस । सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने फ्रेंच ओपन में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 4-6, 6-3, 6-2, 6-4 से हराकर रिकॉर्ड 51वें ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। नोवाक जोकोविच ने जीत के बाद उत्साहित होकर कहा, दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक ज्वेरेव को सबसे बड़े मंच पर हराना वह चीज है, जिसके लिए मैं निश्चित रूप से मेहनत करता हूं और मैं अभी भी इस उम्र में रोजाना अभ्यास करता हूं। अब जोकोविच का मुकाबला सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त जैनिक सिनर से होगा। अगर जोकोविच जीत जाते हैं। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में नंबर 2 सीड कार्लोस अल्काराज लोरेंजो मुसेट्टी को हरा देते हैं, तो ये एक ऐसा रिकार्ड बन सकता है, जो पहले कभी नहीं किया। एटीपी रैंकिंग के इतिहास में किसी भी व्यक्ति ने ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने के लिए शीर्ष 3 रैंक वाले खिलाड़ियों को नहीं हराया है। जोकोविच जिनेवा में अपना 100वां टूर-लेवल खिताब जीतने के बाद यहां पहुंचे हैं। सर्बियाई खिलाड़ी 2023 यूएस ओपन के बाद से अपने पहले बड़े खिताब की तलाश में हैं।





## रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया पांच पैसे की बढ़त के साथ ही 85.82 रुपये पर बंद हुआ। विदेशी बाजार में डॉलर की मांग बढ़ने की वजह से रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में नौ पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.96 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डॉलर की बढ़ती मांग और निवेशकों के भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति बैठक के परिणाम से पहले सतर्क होने का दबाव भारतीय मुद्रा पर पड़ा। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने अपना तीन दिवसीय मंथन शुरू कर दिया है जिसके परिणाम छह जून को घोषित किए जाएंगे। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.86 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती कारोबार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 85.96 पर आ गया जो पिछले बंद भाव से नौ पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.87 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 फीसदी की बढ़त के साथ 98.85 पर रहा।

## ऑनलाइन रिटर्न फाइ लिंग शुरू

**नई दिल्ली।**

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की शुरुआत हो गई है। हालांकि, एक्सपर्ट की सलाह है कि टैक्सपेयर्स को अभी रिटर्न फाइल करने से बचना चाहिए। अभी कई डेटा अधूरे हैं, जिनके चलते रिटर्न में गलत जानकारी भरने की आशंका रहती है। हालांकि, अभी आईटीआर-1 (सहज) और आईटीआर-4 (सरल) फार्म के लिए ऑनलाइन फाइलिंग की प्रक्रिया शुरू की गई है। वहीं विभाग की ओर से आईटीआर-2 और आईटीआर-3 फॉर्म के लिए जल्द ही यूटिलिटी एक्टिव की जाएगी।

## वित्त मंत्री देश की आर्थिक स्थिति पर चर्चा करेंगीं

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच देश की आर्थिक स्थिति की समीक्षा करने वाली हैं। इस उच्च स्तरीय पैनल की 29वीं बैठक 10 जून को वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) में होगी, जिसमें वित्त क्षेत्र के नियामक और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शामिल होंगे। वित्त वर्ष 2025 में भारत की 6.5 प्रतिशत की विकास दर की समीक्षा की जाएगी, जिसे पिछले चार सालों में सबसे धीमी दर घोषित किया गया है। इस बैठक में भारतीय अर्थव्यवस्था की जल्दी बढ़ी गति और चुनौतियों का मुकाबला भी महत्वपूर्ण चर्चा के लिए होगा। एफएसडीसी की बैठक में डिजिटल धोखाधड़ी, वित्तीय स्थिरता, और विकास के नए मार्गों पर भी चर्चा की जाएगी। इस समीक्षा से देश की अर्थव्यवस्था को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## इस वर्ष वेस्टर्न कोलफील्ड्स का कर-पूर्व मुनाफा बढ़ा

**नागपुर।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की अनुषंगी कंपनी वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) का वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कर-पूर्व मुनाफा 4.64 प्रतिशत बढ़कर 4,375.55 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसने वित्त वर्ष 2023-24 में 4,181.67 करोड़ रुपये का कर-पूर्व मुनाफा दर्ज किया था। डब्ल्यूसीएल के निदेशक ने कर-पूर्व मुनाफे में बढ़ोतरी का श्रेय नई खदानों की शुरुआत, प्रौद्योगिकी को आधुनिक बनाने और पर्यावरणीय स्थिरता पर नए सिरे से ध्यान देने सहित कई रणनीतिक पहलों को दिया। कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए उसका कर-पूर्व लाभ उसकी स्थापना के बाद से अब तक का सबसे अधिक है। डब्ल्यूसीएल महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में 47 से अधिक कोयला खदानों का संचालन करती है।

# अंतरराष्ट्रीय बाजार में ई-बस के प्रवेश की तैयारी कर रही जेबीएम

### अगले महीने जर्मनी में कई वैश्विक मॉडलों में से पहला मॉडल पेश किया जाएगा

**नई दिल्ली।**

तीन अरब डॉलर मूल्य वाली वैश्विक भारतीय कंपनी जेबीएम ऑटो इस महीने जर्मनी में अपनी पहली सिटी बस - इको-लाइफ पेश करके अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रिक बस (ई-बस) बाजार में प्रवेश करने की तैयारी कर रही है।

कंपनी के एक वरिष्ठ अे धिकारी ने यह जानकारी दी है। यह पेशकश ऐसे समय में की जा रही है, जब भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत कर रहे हैं, जो इस साल के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। जेबीएम इस साल विभिन्न देशों में कई वैश्विक मॉडल पेश करने की योजना बना रही है, जिनमें उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, दक्षिण पूर्व एशिया, एशिया प्रशांत, पश्चिम एशिया और अफ्रीकी देश भी शामिल हैं।

जर्मनी में प्रवेश के साथ भारतीय वाहन विनिर्माता यूरोपीय बाजार का बड़ा हिस्सा हासिल करने की योजना बना रही है, जिसमें फिलहाल सालाना 30,000 ई-बसों की पैठ दिख रही है। बताया जा रहा है` कि अगले महीने जर्मनी में अपने कई वैश्विक मॉडलों में से पहला मॉडल पेश` किया जाएगा। कंपनी ने कहा ` कि हमारी सिटी बस इको-लाइफ साइबर सुरक्षा सुविधाओं से लैस है और पश्चिमी देशों के मानकों को पूरा करती है, जिसमें लेन सहायता और पैदल यात्रियों की स्थिति संबंधी सुरक्षा सुविधा जैसे यूरोपीय विनिर्देश शामिल हैं।

हम इस तरह से ई-बस श्रेणी में उतरने वाली एकमात्र भारतीय कंपनी होंगे।

## स्नोफ्लेक भारत में शुरू करेगी अनुसंधान एवं विकास केंद्र

### कंपनी इस साल करीब 100 और लोगों को देगी नौकरी

**नई दिल्ली।**

क्लाउड आधारित डेटा वेयरहाउसिंग कंपनी स्नोफ्लेक ने अपने उत्कृष्टता केंद्र के बाद भारत में आरऐंडडी केंद्र की शुरूआत करने की योजना बताई है। कंपनी के एक अधिकारी ने इस खबर की पुष्टि की। उन्होंने कहा` कि हम अपने भारतीय कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। स्नोफ्लेक के भारत में अब 600 से अधिक कर्मचारी हैं और कंपनी इस साल करीब 100 और लोगों को नौकरी देने की योजना बना रही है। कार्य अधिकारी ने बताया कि उनका पुणे का उत्कृष्टता केंद्र आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस योजना में आरऐंडडी केंद्र का महत्वपूर्ण स्थान होगा, जिससे कंपनी की तकनीकी क्षमता और उद्यम स्तर पर वृद्धि होगी। इसके साथ ही कंपनी का बेंगलुरु में एक कार्यालय है, जिससे भारतीय बाजार में मजबूत पैर रखने का संकेत मिलता है। इस नए केंद्र के माध्यम से स्नोफ्लेक ने भारत में अपनी प्रतिभा और क्षमताओं को मजबूत करने की प्लानिंग की है, जिससे कंपनी और भारतीय बाजार दोनों को लाभ होगा।

## अब 10 हेक्टेयर में भी बन सकेगी सेमीकंडक्टर यूनिट

### विभिन्न छूट और नए मानदंडों के माध्यम से उत्पादन को प्रोत्साहित करने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स पुर्जों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) में स्थापित की जाने वाली इकाइयों के लिए नियमों में सुधार किया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक गजट अधिसूचना में ऐसी एसईजेड इकाइयों की स्थापना के लिए न्यूनतम भूमि की आवश्यकता को 50 हेक्टेयर से घटाकर 10 हेक्टेयर कर दिया है। व्यापक बदलावों में सेमीकंडक्टर, डिस्प्ले मॉड्यूल, प्रिंटेड सर्किट बोर्ड और अन्य उत्पादों के विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा। नये निर्देशों के अनुसार इस क्षेत्र में निवेश करने वाली इकाइयों के लिए और भारी निवेश करने की सुविधा प्रदान की गई है। सेमीकंडक्टर मिशन में एक चरण के सफल समापन के बाद सरकार अब अगले चरण की योजना कर रही है। इसका उद्देश्य भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन के क्षेत्र में एक वैश्विक केंद्र बनाना है। इस नये दिशानिर्देश के तहत सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में उत्पादन करने वाली इकाइयों को सरकारी मदद और समर्थन का अधिक मौका मिलेगा। एसईजेड इकाइयों के लिए 5 साल में शुद्ध विदेशी मुद्रा अर्जित करना आवश्यक है। यह एसईजेड अधिनियम के तहत तमाम लाभों का फायदा उठाने की शर्तों में शामिल है। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत 2021 में इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) को शुरू किया गया था। उसका उद्देश्य देश में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले उत्पादन के लिए एक दमदार परिवेश का निर्माण करना है ताकि भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण एवं डिजाइन के एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सके। सरकार अब सेमीकंडक्टर मिशन के अगले चरण को शुरू करने की तैयारी कर रही है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई।**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त पर बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिलेजुले संकेतों के बाद भी खरीदारी हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 443 अंक बढ़कर 81,442.04 अंकों के स्तर पर बंद हुआ, जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 130 अंक बढ़कर 24,750.90 अंकों के स्तर पर बंद हुआ। वहीं मिडकैप शेयरों की बात करें तो आज उतार-चढ़ाव रहा। निफ्टी मिडकैप 101 अंक की बढ़त के साथ 16,296.65 अंक पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सबसे अधिक लाभ वाले शेयर हिंद जिंक, ग्लेनमार्क और एलटी फाइनेंस रहे। इनमें 5.04 फीसदी, 4.76 फीसदी और 4.65 फीसदी की बढ़त रही। । एंजल वन और सीडीएसएल के शेयरों में भी 4.57 फीसदी और 4.56 फीसदी की तेजी रही। दूसरी ओर आरबीएल बैंक, हुडको, सोना बीएलडब्ल्यू, फेडरल बैंक और डिक्सन टेक्नोलॉजी के शेयरों में 2.63 फीसदी, 2.26 फीसदी, 1.85 फीसदी, 1.85 फीसदी और 1.75 फीसदी की गिरावट रही और ये सबसे अधिक नुकसान वाले शेयर रहे।

शेयर बाजार में तेजी का कारण भारतीय रिजर्व बैंक के रिपो रेट में कटौती करने की उम्मीदें है। जिससे निवेशक उत्साहित हैं। इसके अलावा, अमेरिका की अर्थव्यवस्था में मंदी के संकेत और कमजोर डॉलर के कारण विदेशी निवेश भारत की ओर रुख कर सकते हैं। भारत-अमेरिका के व्यापार समझौते की संभावना और रुपये की मजबूती से भी बाजार ऊपर आया है। इससे पहले आज सुबह बाजार गुरुवार को मामूली बढ़त के साथ खुले। सेंसेक्स 150 से ज्यादा अंक चढ़कर 81,196.08 पर खुला। हालांकि, खुलने के कुछ ही मिनटों में यह फिसल गया। सुबह की शुरुआत में सेंसेक्स 98.52 अंक चढ़कर




81,096.77 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी-50 भी मामूली बढ़त के साथ 24,691.20 पर खुला। सुबह शुरुआत में यह 43.45 अंक की मामूली बढ़त लेकर 24,663 पर कारोबार कर रहा था। वहीं दूनिया भर के बाजारों की बात करें तो ऐ शियाई बाजार~ एशियाई बाजारों में गुरुवार को मिलाजुला कारोबार हुआ। अमेरिका में निजी क्षेत्र की भर्ती के कमजोर आंकड़ों ने दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर व्यापार नीति की अनिश्चितता के प्रभाव को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। जापान का निक्केई इंडेक्स गिरावट में था। जबकि ब्रोडर इंडेक्स टोपिक्स 0.5 फीसदी नीचे था। कोस्पी में 0.95 फीसदी की तेजी हुई, एएसएक्स 200 में 0.2 फीसदी की वृद्धि हुई। वॉल स्ट्रीट पर डॉव जोन्स में 0.22 फीसदी की गिरावट आई। एसएंडपी 500 में 0.01 फीसदी की मामूली बढ़त हुई, जबकि नैस्डैक में 0.32 फीसदी की बढ़त हुई।

# सोना हुआ सस्ता, 1 लाख के पार पंहुची चांदी

### सोने के भाव 98,500, जबकि चांदी 1,01,600 रुपए के करीब

**नई दिल्ली।**

सोने के भाव में गुरुवार को शुरुआत में नरमी, जबकि चांदी भाव तेजी के साथ कारोबार देखा गया है। घरेलू बाजार में गुरुवार को सोने के भाव 98,500 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,01,600 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना गिरावट और चांदी तेजी के साथ कारोबार कर रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 123 रुपये की गिरावट के साथ 98,456 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 98,579 रुपये था। इस समय यह 64 रुपये की गिरावट के साथ 98,515 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट 119 रुपये की तेजी के साथ 1,01,499 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,01,380 रुपये था। इस समय यह कॉन्ट्रैक्ट 259 रुपये की तेजी के साथ 1,01,639 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा गिरावट के साथ और चांदी के भाव तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। कॉमेक्स पर सोना 3,398 डॉलर प्रति औंस के भाव




पर खुला। पिछला बंद भाव 3,399.20 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 5.70 डॉलर की गिरावट के साथ 3,393.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 34.65 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 34.64 डॉलर था। इस समय यह 0.03 डॉलर की तेजी के साथ 34.68 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## पिछले पांच वर्ष में 84 प्रतिशत बढ़ी स्टेनलेस स्टील की खपत

### वित्त वर्ष 2020-21 में भारत में स्टेनलेस स्टील की खपत 26.1 लाख टन थी

**मुंबई।** पिछले पांच वर्ष में घरेलू स्टेनलेस स्टील की खपत 84 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 48 लाख टन तक पहुंच गई। उद्योग संगठन भारतीय स्टेनलेस स्टील विकास संघ (आईएसएसडीए) के अनुसार वित्त वर्ष 2020-21 में भारत में स्टेनलेस स्टील की खपत 26.1 लाख टन थी। वित्त वर्ष 2021-22 में यह बढ़कर 34.6 लाख टन हो गई। आईएसएसडीए के एक अे धिकारी ने ग्लोबल स्टेनलेस-स्टील एक्सपो 2025 (जीएसएसई 2025) में कहा कि यह मांग बुनियादी ढांचे, रेलवे, हवाईअड्डे, मेट्रो आदि क्षेत्रों से प्रेरित है। आंकड़ों के अनुसार 2022-23 में मांग सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 39.4 लाख टन हो गई थी। 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में 48 लाख टन तक पहुंचने से पहले 2023-24 में 44.9 लाख टन थी। उन्होंने कहा` कि मांग मुख्य तौर पर भवन एवं निर्माण, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, रेलवे व परिवहन आदि क्षेत्रों से खपत में मजबूत वृद्धि से प्रेरित रही। भारतीय स्टेनलेस स्टील विकास संघ (आईएसएसडीए) के अनुसार देश में स्टेनलेस स्टील की मांग के अगले दो से तीन वर्ष में सालाना आधार पर सात से आठ प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

# गिग और एस1 झेड की डिलीवरी 2025 के अंत तक स्थगित

**नई दिल्ली।**

अपने सबसे किफायती मॉडल, गिग और एस1 झेड की डिलीवरी ओला इलेक्ट्रिक ने साल 2025 के अंत तक स्थगित कर दी है। ओला के अनुसार, कंपनी अपनी रोडस्टर इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल के विकास को प्राथमिकता दे रही हैं और अपने संचालन को बेहतर बनाने के साथ-साथ बिक्री नेटवर्क को भी मजबूत करना चाहती हैं। पहले ये स्कूटर मई 2025 में लॉन्च होने वाले थे, लेकिन कंपनी ने हाल ही में एक निवेशक कॉल में इस निर्णय की जानकारी दी। पिछले साल लॉन्च हुआ गिग मॉडल दो वेरिएंट में आता है। ओला गिग की एक्स-शोरूम कीमत 39,999 रुपए है और यह छोटी राइड्स के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें 1.5 केडब्ल्यूएच की रिमूवेबल बैटरी लगी है, जो फुल चार्ज पर 112 किलोमीटर की रेंज देती है। वहीं, गिग+ वेरिएंट की कीमत 49,999 रुपए है और इसमें सिंगल या डबल बैटरी विकल्प मिलते हैं, जो क्रमशः 81 किलोमीटर और 157 किलोमीटर की रेंज देते हैं। इसकी टॉप स्पीड 45 किमी/घंटा है।

ओला एस1 झेड का शुरुआती एक्स-शोरूम प्राइस 59,999 रुपए है। यह भी 1.5 केडब्ल्यूएच की रिमूवेबल डुअल बैटरी के साथ आता है, जिसकी रेंज सिंगल बैटरी पर 75 किलोमीटर और दोनों बैटरियों पर 146 किलोमीटर है। इसमें 2.9 केडब्ल्यू की हब मोटर लगी है, जो 4.8 सेकेंड में 0-40



किमी/घंटा की स्पीड पकड़ सकती है। इसके अलावा, एस1 झेड प्लस वेरिएंट की कीमत 64,999 रुपए है, जो 70 किमी/घंटा की टॉप स्पीड देता है। ये दोनों मॉडल अपने-अपने सेगमेंट में सबसे किफायती और प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर माने जाते हैं।

# ओला इलेक्ट्रिक अब गहरे संकट में

**नई दिल्ली।**

इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी ओला इलेक्ट्रिक अब गहरे संकट में है। कभी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बाजार में शीर्ष पर रही ओला कंपनी मई 2024 में कंपनी ने 49 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ शानदार प्रदर्शन किया था, लेकिन मई 2025 तक यह गिरकर मात्र 18प्रतिशत पर आ गई। इस दौरान ओला की बिक्री 37,388 यूनिट से घटकर 18,499 यूनिट पर पहुंच गई। वहीं, टीवीएस मोटर ने 24,560 यूनिट्स की बिक्री कर 24प्रतिशत मार्केट शेयर हासिल कर लिया और बजाज ऑटो ने 21,770 यूनिट्स के साथ 22प्रतिशत हिस्सेदारी पाई।

ओला की इस गिरावट के पीछे ग्राहक असंतोष बड़ी वजह मानी जा रही है। सस्पेंशन फेल, रेंज को लेकर गलत दावे और कमजोर सर्विस नेटवर्क जैसी शिकायतें लगातार सामने आई हैं। ऐसे में कंपनी ने अपनी पहली इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल रोडस्टेर एक्स लॉन्च कर नई उम्मीदें जगाई हैं। इस बाइक की कीमत रुपए 74,999 से रुपए 99,999 के बीच रखी गई है और यह तीन बैटरी विकल्पों के साथ आती है। इसमें 11 केडब्ल्यू मोटर, 124 किमी प्रति घंटा की टॉप स्पीड और लगभग 200 किमी तक की क्लेम्ड रेंज है।

इसके अलावा इसमें क्रूज कंट्रोल और रीजेनेरेटिव ब्रेकिंग जैसी आधुनिक तकनीकें भी दी गई हैं।

कंपनी को उम्मीद है कि यह बाइक ग्राहकों को फिर से आकर्षित करेगी और बाजार में उसकी स्थिति को सुधारने में मदद करेगी।

हालांकि जानकारों का मानना है कि सिर्फ एक नई बाइक से बाजार में वापसी संभव नहीं है। ओला को अपने प्रोडक्ट की गुणवत्ता सुधारनी होगी, ग्राहकों का भरोसा जीतना होगा।

## जीमेल मोबाइल ऐप में एक नया एआई आधारित फीचर पेश




**नई दिल्ली।**


एक नया एआई आधारित फीचर गूगल ने अपने जीमेल मोबाइल ऐप में पेश किया है। यह फीचर यूजर्स को लंबी ईमेल थ्रेड्स का सारांश अपने आप दिखाएगा। फिलहाल यह सुविधा केवल अंग्रेजी भाषा में और गूगल वर्कस्पेस के पेड यूजर्स के लिए उपलब्ध है। पहले यूजर्स को किसी ईमेल का सारांश देखने के लिए समराइज दिस ईमेल विकल्प पर टैप करना पड़ता था, लेकिन अब जेमिनी एआई खुद तय करेगा कि किस ईमेल थ्रेड में सारांश की जरूरत है। यदि जरूरत होगी, तो यह फीचर थ्रेड का सारांश ईमेल के शीर्ष पर दिखा देगा। यह समरी थ्रेड में नए उत्तर आने पर अपने आप अपडेट भी हो जाएगी। हालांकि, यदि कोई यूजर इस एआई आधारित सुविधा का उपयोग नहीं करना चाहता, तो वह जीमेल की सेटिंग्स में जाकर स्मार्ट फीचर्स को बंद कर सकता है, लेकिन ऐसा करने से अन्य स्मार्ट फीचर्स भी बंद हो सकते हैं। गूगल का कहना है कि यह फीचर यूजर्स के डेटा को स्थानीय स्तर पर प्रोसेस करता है और किसी बाहरी सिस्टम में डेटा शेयर नहीं किया जाता, जिससे प्राइवेसी बनी रहती है। यह फीचर उन यूजर्स के लिए बेहद उपयोगी साबित हो सकता है जिन्हें रोजाना कई लंबी मेल्स पढ़नी पड़ती हैं। गूगल ने संकेत दिए हैं कि भविष्य में जीमेल में और भी एआई फीचर्स जोड़े जा सकते हैं, जैसे मेल का जवाब ऑटोमैटिक टाइप करना, टोन सुधारना और ईमेल का ड्राफ्ट तैयार करना।

## सैमसंग की डील से गूगल को लग सकता है तगडा झटका



**नई दिल्ली।**

दक्षिण कोरियाई कंपनी सैमसंग अपने स्मार्टफोन इकोसिस्टम में बड़ा बदलाव करने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए सैमसंग एक अनुबंध करने जा रही है। इससे गूगल को बड़ा झटका लग सकता है। सैमसंग अमेरिका की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप परप्लेक्सीटी एआई के साथ साझेदारी की अंतिम चरण की बातचीत में है। इस डील के फाइनल होते ही परप्लेक्सीटी का एआई असिस्टेंट सैमसंग के नए डिवाइसेज में प्री-इंस्टॉल होगा। कंपनी इसे ब्राउजर, बिक्सी वर्चुअल असिस्टेंट और अपने ऑपरेटिंग सिस्टम में कई जगहों पर इंटीग्रेट करने की योजना बना रही है। सैमसंग इस बदलाव को 2025 तक लागू करने का लक्ष्य लेकर चल रही है और ऐसा माना जा रहा है कि 2026 में लॉन्च होने वाली गैलेक्सी एस26 सीरीज से इसकी शुरुआत की जा सकती है। यह साझेदारी सैमसंग के एआई विजन में बड़ा परिवर्तन मानी जा रही है। अब तक कंपनी अपने गैलेक्सी एआई फीचर्स के लिए गूगल के जेमिनी मॉडल का उपयोग करती रही है, लेकिन परप्लेक्सीटी एआई के साथ साझेदारी से यह निर्भरता काफी हद तक खत्म हो सकती है।परप्लेक्सीटी के लिए भी यह डील एक बड़ी छलांग होगी। कंपनी पहले ही मोटोरोला के कुछ रेजर सीरीज फोन में अपना एआई असिस्टेंट देने के लिए साझेदारी कर चुकी है, लेकिन सैमसंग जैसी बड़ी कंपनी के साथ टाई-अप से उसे वैश्विक स्तर पर और पहचान मिल सकती है।



# आमिर खान की आखिरी फिल्म होगी महाभारत!

भारत के सबसे पसंदीदा एक्टर्स में से एक आमिर खान ने हाल ही में अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट के बारे में रोमांचक खबर शेयर की। अपनी आगामी फिल्म सितारे ज़मीन पर की रिलीज़ के बाद, आमिर अपनी ड्रीम फिल्म महाभारत पर काम शुरू करने का सोच रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने संकेत दिया कि यह भव्य फिल्म उनकी आखिरी भी हो सकती है। हाल ही में राज शामनी के साथ बातचीत में, आमिर खान ने बात की कि वह अपनी आखिरी फिल्म क्या चाहते हैं।

कुछ सोच-विचार के बाद, आमिर खान ने कहा कि यह महाभारत है, एक ऐसी कहानी जिसे वह हमेशा से जीवंत करना चाहते थे। उन्होंने खुलासा किया, यह स्तरित है, इसमें भावनाएं हैं, इसका पैमाना है, दुनिया में आपको जो कुछ भी मिलेगा, वह आपको महाभारत में मिलेगा। इससे पता चलता है कि आमिर इस महाकाव्य कथा के बारे में कितनी गहराई से महसूस करते हैं। उनका मानना है कि महाभारत हर तरह की कहानी और भावना को समेटे हुए है।

कई लोगों को यह जानकर आश्चर्य हो सकता है कि आमिर ने संकेत दिया कि 'महाभारत' उनकी आखिरी फिल्म हो सकती है। उन्होंने कहा, शायद इसे करने के बाद मुझे लगेगा कि मेरे पास करने के लिए कुछ नहीं बचा है। मैं इसके बाद कुछ नहीं कर सकता, क्योंकि इस फिल्म का कंटेंट ऐसा ही होने वाला है। उन्होंने आगे कहा, मुझे उम्मीद है कि मैं काम करते हुए मरूंगा, लेकिन चूंकि आप पूछ रहे हैं, इसलिए यह एक ऐसी चीज है जिसके बारे में मैं सोच सकता हूं। शायद इसके बाद मुझे लगेगा कि मुझे कुछ और करने की जरूरत नहीं है।

### 'महाभारत' में खुद नहीं रहेंगे आमिर

आमिर ने 'द हॉलीवुड रिपोर्टर' से इस बारे में भी बात की थी कि यह प्रोजेक्ट कितना बड़ा होगा। उन्होंने कहा, यह मेरी सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है और कहानी लिखने में ही सालों लग जाएंगे। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह इसमें अभिनय करेंगे तो उन्होंने कहा, हम देखेंगे कि हमें किस किरदार के लिए कौन उपयुक्त है। इसका मतलब है कि वह खुद कोई रोल नहीं कर सकते हैं, लेकिन कहानी के लिए बेस्ट एक्टर का चयन करेंगे।

'महाभारत' के लिए कई डायरेक्टर लगेंगे

जब उनसे पूछा गया कि क्या वह बड़ी फिल्म का निर्देशन करेंगे, तो आमिर ने कहा कि 'महाभारत' एक ऐसी कहानी है जिसे एक बार में नहीं बताया जा सकता। हालांकि यह कहना जल्दबाजी होगी कि वह निर्देशक होंगे या नहीं, उन्होंने बताया कि कहानी कई फिल्मों में बनाई जाएगी। इसलिए, इसे पूरा करने के लिए उन्हें एक से अधिक डायरेक्टर्स की जरूरत होगी।



# श्वेता त्रिपाठी बनेंगी थिएटर निर्माता, लाएंगी समलैंगिक मुद्दे पर नाटक

एक्ट्रेस श्वेता त्रिपाठी जल्द ही थिएटर निर्माता के रूप में अपनी शुरुआत करने जा रही हैं। वह एक मशहूर ब्रिटिश नाटक कॉक का मंचन करेंगी। यह उनका पहला प्रोडक्शन होगा, जिससे वह थिएटर की दुनिया में कदम रख रही हैं।

इस नाटक का पहला शो 6 जून को दिल्ली में मैक्स मुलर भवन में होगा। फिर 10 जून को मुंबई में पृथ्वी थिएटर में इसका प्रदर्शन होगा। प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए श्वेता ने कहा, मुझे थिएटर हमेशा से बहुत पसंद रहा है। थिएटर में सब कुछ सीधे-सादे तरीके से सामने आता है, कोई भी चीज छुपाई नहीं जा सकती। कॉक बनाना मेरे लिए एक व्यक्तिगत और रचनात्मक फैसला है, मेरा मानना है कि कहानियों में दुनिया की सारी सच्चाई और खूबसूरती दिखनी चाहिए।

श्वेता अपनी थिएटर प्रोडक्शन कंपनी ऑलमायटी के तहत इस नाटक का निर्माण कर रही हैं। इस नाटक का निर्देशन यूके में रहने वाले मनीष गांधी कर रहे हैं। इसमें रिताशा राठौड़, तन्मय धनानिया, साहिर मेहता और हर्ष सिंह जैसे कलाकार शामिल हैं। श्वेता के लिए इस नाटक पर काम करना बेहद खास बात है, क्योंकि यह नाटक समलैंगिक प्यार और प्राइड मंथ को सेलिब्रेट करता है।

जून महीने को एलजीबीटीक्यू समुदाय के लिए प्राइड मंथ के रूप में मनाया जाता है और ये कहानियां उन्हें सम्मान देने के लिए समर्पित हैं। इसलिए, इस महीने में इस नाटक को दिखाना बहुत मायने रखता है।

यह नाटक माइक बार्टलेट नाम के ब्रिटिश लेखक ने लिखा है और मनीष गांधी इसका निर्देशन कर रहे हैं। यह नाटक बहुत गहरी और भावुक कहानी है। इसमें बताया गया है कि इंसान अपनी पहचान और अपने प्यार के बारे में कैसे सोचता है और ये चीजें कैसे बदलती रहती हैं। कहानी एक ऐसे आदमी की है जो अपने लंबे समय के पुरुष साथी और एक नई महिला के प्रति अपनी भावनाओं के बीच उलझा हुआ है। नाटक उसके दिल की भावनाओं को सीधे-सादे तरीके से पेश करता है।

एक्ट्रेस ने कहा, हम ऐसे समय में जी रहे हैं जब लोग अपनी असली पहचान को खुलकर अपना रहे हैं। कॉक नाटक उस सफर की मुश्किलें और खूबसूरती दोनों को सच्चाई के साथ सामने रखता है। यह सफर थोड़ा उलझा हुआ है। इस नाटक ने मुझे अपनी ओर आकर्षित किया है। उन्होंने आगे कहा कि वह ऐसी कहानियों का हिस्सा बनना चाहती हैं जो लोगों को सोचने पर मजबूर कर दें, लेकिन एक अच्छे तरीके से। ऐसी कहानियां जो बातचीत को बढ़ावा दें, दूसरों की भावनाओं को समझने में मदद करें, और शायद कुछ बदलाव भी लाएं। श्वेता ने कहा, प्राइड मंथ एक उत्सव है, लेकिन यह ये भी याद दिलाता है कि लोगों को दिखना, शामिल होना और स्वीकार किया जाना अभी भी एक संघर्ष है। इस नाटक के जरिए हम समलैंगिक अनुभवों का सम्मान करना चाहते हैं और उन्हें वह मंच देना चाहते हैं जिसके वे लंबे समय से हकदार हैं।

इस नाटक की तैयारी अभी चल रही है, कास्टिंग और प्री-प्रोडक्शन पर काम जारी है। यह नाटक जून 2025 में मुंबई और दिल्ली में शुरू होने वाला है।



# निर्देशन पर जो मैं ज्ञान देती हूं, वह मेरा नहीं बल्कि राज खोसला का है

फिल्म निर्माता और एक्ट्रेस पूजा भट्ट ने दिवंगत निर्देशक राज खोसला की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी बुद्धिमानी आज भी उनका और नए फिल्मकारों का मार्गदर्शन देती है। उन्होंने कई पीढ़ियों तक अपनी छाप छोड़ी है, जो लोग उन्हें नहीं जानते, वे भी उनकी कला की सराहना करते हैं। पूजा भट्ट अपने पिता व फिल्म निर्माता महेश भट्ट और मशहूर एक्ट्रेस आशा पारेख के साथ मुंबई के रीजल सिनेमा में आयोजित कार्यक्रम राज खोसला 100- बंबई का बाबू में शामिल हुईं। फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन ने यह कार्यक्रम फिल्म निर्माता और निर्देशक राज खोसला की 100वीं सालगिरह के मौके पर आयोजित किया था।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर इस कार्यक्रम की कई तस्वीरें शेयर कीं और लिखा, राज साहब एक बड़े सितारे की तरह हैं। भले ही उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया हो, लेकिन उनकी रोशनी अभी भी मुझमें चमकती है। जब मैं आज के नए फिल्मकारों का मार्गदर्शन करती हूं, तो मुझे उनकी आवाज अपनी आवाज में सुनाई देती है। जो ज्ञान मैं उन्हें देती हूं, वह मेरा नहीं बल्कि उनका है। कहते हैं जो आप अपने बच्चों को सिखाते हैं, वह आपके पोते-पोतियों तक भी जाता है और इस तरह उनकी विरासत धीरे-धीरे आगे बढ़ती है। उनका नाम और काम उन लोगों तक भी पहुंच रहा है जो उन्हें कभी जानते तक नहीं थे। यह शब्द लेखक अंबोरीश रॉयचौधरी की किताब राज खोसला, द ऑथराइज्ड बायोग्राफी से लिए गए हैं। दिवंगत फिल्म निर्माता की बेटियों अनीता खोसला और उमा खोसला कपूर के सहयोग से अंबरीश ने यह किताब लिखी। वह सिनेमा पर आधारित अपनी एक किताब के लिए नेशनल अवार्ड भी जीत चुके हैं। इस कार्यक्रम में राज खोसला की तीन बेहतरीन फिल्मों को दिखाया गया, जिसमें देव आनंद और सुचित्रा सेन की फिल्म बंबई का बाबू, देव आनंद, जॉनी वॉकर और वहीदा रहमान की सी.आई.डी. और धर्मेंद्र, विनोद खन्ना और आशा पारेख की फिल्म मेरा गांव मेरा देश शामिल हैं। फिल्म डायरेक्टर राज खोसला का 9 जून 1991 में निधन हो गया था।

# इलियाना डिक्रूज ने अजय देवगन की फिल्म रिजेक्ट करने का बताया कारण



अजय देवगन की फिल्म 'रेड(2018)' में इलियाना डिक्रूज ने मालिनी नाम का किरदार निभाया, यह अजय देवगन के किरदार की पत्नी का रोल था। इस रोल में इलियाना को पसंद भी किया गया। जब 'रेड 2' बनीं तो इलियाना नजर नहीं आईं, उनकी जगह वाणी कपूर दिखीं। इस रिप्लेसमेंट को लेकर तमाम तरह की बातें की गईं। अब इलियाना ने इस बात को लेकर अपनी चुप्पी तोड़ी है।

### 'रेड 2' करने से इसलिए किया इंकार

हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पेज पर फैंस से बातचीत के एक सेशन में इलियाना ने 'रेड 2' में काम ना करने को लेकर अपना पक्ष रखा। वह बताती हैं कि फिल्म के डायरेक्टर, मेकर्स ने उनसे कॉन्टैक्ट किया लेकिन वह इन दिनों अपने बच्चे की परवरिश में व्यस्त हैं तो फिल्म नहीं कर पाई। इलियाना का कहना है कि मालिनी का किरदार उनके दिल के बहुत करीब है।


क्या आगे फिल्मों में नजर आएंगी इलियाना

फैंस ने जब इलियाना ने से पूछा कि वह क्या आगे फिल्मों में नजर आएंगी? तो एक्ट्रेस का जवाब था कि बिल्कुल वह फिल्मों में आगे काम करेंगी। इलियाना की आखिर फिल्म 'दो और दो प्यार' थी, यह फिल्म साल 2024 में रिलीज हुई।

# सैयारा एक ऐसी लव स्टोरी है, जिसे मैं बचपन से सुनता आया हूं



मशहूर निर्देशक मोहित सूरी अपनी आने वाली फिल्म सैयारा की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि यह फिल्म उन प्रेम कहानियों की तरह है, जिन्हें वह बचपन से सुनते और पसंद करते आए हैं। मोहित सूरी को जहर, कलयुग, वो लम्हे, आवारापन, आशिकी 2 जैसी म्यूजिकल हिट फिल्मों के लिए जाना जाता है। उनकी फिल्में प्यार और इमोशन्स से भरी होती हैं और उनके गाने लोगों को लंबे समय तक याद रहते हैं। यह सभी फिल्में विशेष फिल्म्स के बैनर तले बनी हैं, लेकिन सैयारा को मोहित सूरी ने पहली बार यशराज फिल्म्स के बैनर तले तैयार किया है। सैयारा फिल्म के जरिए यशराज फिल्म्स और मोहित सूरी एक साथ आए हैं। दोनों ही दिल को छूने वाली लव स्टोरीज बनाने के लिए जाने जाते हैं। यह फिल्म भी एक गहरी और भावनात्मक प्रेम कहानी है। इस फिल्म में दो नए कलाकारों को लॉन्च किया गया है। इनमें आहान पांडे और अनीत पड्डा शामिल हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए मोहित सूरी ने कहा, आप फिल्मों के जरिए बहुत सारी खूबसूरत कहानियां बता सकते हैं, लोगों को अलग-अलग सफर पर ले जा सकते हैं। लेकिन, रोमांटिक फिल्में हमेशा खास होती हैं। सैयारा मेरे लिए उन लव स्टोरीज की तरह है, जिन्हें मैं बचपन से सुनता और पसंद करता आया हूं। मैं खुशकिस्मत हूं कि बहुत से लोगों ने अपने असली प्यार के किस्से मेरे साथ बांटे हैं। मोहित सूरी ने आगे कहा, मैं सैयारा के टीजर को मिल रही शानदार प्रतिक्रिया से बहुत खुश हूं। मुझे आहान और अनीत के लिए बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने दिल से मेहनत की है, तभी लोग टीजर से इतना जुड़ पा रहे हैं। मैं ये खुशी अपनी पूरी टीम और यशराज फिल्म्स के साथ बांटना चाहता हूं। मुझे उम्मीद है कि जब हम प्रमोशन के दौरान सैयारा के प्यार और इमोशन्स के हर रंग को दिखाएंगे, तो लोग इससे और भी जुड़ेंगे। यशराज फिल्म्स द्वारा बनाई गई फिल्म सैयारा 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।



# इन किरदारों में माधवन ने दिखाए अभिनय के अलग-अलग रंग लव लाइफ भी है बिल्कुल फिल्मी

**आर माधवन लगभग 30 साल से हिंदी और साउथ की फिल्मों में अभिनय कर रहे हैं। अब तक बतौर कलाकार वह हर तरह के किरदार निभा चुके हैं। माधवन के निभाए कई किरदार तो दर्शकों के मन में खास जगह बना चुके हैं। आज माधवन का जन्मदिन है। इस खास मौके पर जानिए माधवन के निभाए हिंदी फिल्मों के कुछ चर्चित किरदार। साथ ही माधवन की लव लाइफ, जिंदगी से जुड़ी कुछ खास बातें भी?**

### रहना है तेरे दिल में

बतौर सिंगर करियर की शुरुआत साल 1996 में माधवन ने की, वह हिंदी फिल्म 'इस रात की सुबह नहीं' से जुड़े, इस फिल्म के एक गाने में गेस्ट रोल में भी दिखे। फिर 1998 में दक्षिण भारतीय फिल्मों में अभिनय करना शुरू कर दिया था। बॉलीवुड में उनका डेब्यू साल 2001 में फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' के जरिए हुआ। आज यह एक कल्ट रोमांटिक ड्रामा फिल्म है।

### रंग दे बसंती

राकेश ओमप्रकाश मेहरा निर्देशित फिल्म 'रंग दे बसंती(2006)' में माधवन एक एयरफोर्स ऑफिसर अजय सिंह राठौर के किरदार में दिखे। आमिर खान, सिद्धार्थ, सोहा अली खान के अलावा एक बड़ी स्टार कास्ट इस फिल्म में शामिल रही। फिल्म 'रंग दे बसंती' में माधवन के किरदार के कारण ही कहानी आगे बढ़ती है। यह किरदार कहानी को एक नया मोड़ देता है।

### थ्री इडियट्स

फिल्म 'थ्री इडियट्स(2009)' का फरहान कुरैशी का किरदार आज भी दर्शकों को याद है। इस किरदार में माधवन खूब जमे। फिल्म में आमिर खान और शरमन जोशी के किरदारों के साथ माधवन के किरदार की दोस्ती दर्शकों के बीच एक मिसाल बन चुकी है। इस फिल्म को राजकुमार हिरानी ने निर्देशित किया था।

### तनु वेड्स मनु

साल 2011 में कंगना रनौत के साथ फिल्म 'तनु वेड्स मनु' में माधवन ने मनु का किरदार निभाया। एक एनआआई डॉक्टर के सीधे-सादे किरदार में वह खूब पसंद किए। इस फिल्म के सीक्वल में भी माधवन की जोड़ी कंगना रनौत के साथ बनी थी। दोनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन किया। इस फिल्म को आनंद एल रॉय ने निर्देशित किया था।

### साला खड़ूस

साल 2016 में फिल्म 'साला खड़ूस' में माधवन ने बॉक्सिंग कोच का रोल किया, जो एक यंग लड़की को ट्रेंड करता है। इस फिल्म को तमिल और हिंदी दोनों भाषाओं में रिलीज किया। फिल्म को सुधा कोंगारा ने निर्देशित किया था। माधवन ने एक सख्त बॉक्सिंग कोच का रोल बखूबी निभाया था।

### रॉकेट्री- द नांबी इफेक्ट

फिल्म 'रॉकेट्री- द नांबी इफेक्ट (2022)' में माधवन ने इसरो वैज्ञानिक नांबी नारायणन का रोल निभाया था, उन पर जासूसी के गलत आरोप लगे। इस वैज्ञानिक ने इसके बाद बहुत कुछ झेला। बाद में इस आरोप से वह दोषमुक्त भी हुए। इसी कहानी को रॉकेट्री- द नांबी इफेक्ट में दिखाया गया। इस फिल्म को आर माधवन ने ही निर्देशित किया था।

### धोखा राउंड द कॉर्नर

साल 2022 में ही 'धोखा- राउंड द कॉर्नर' नाम की एक रोमांटिक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म में भी माधवन नजर आए। इस फिल्म में धोखे की ऐसी कहानी है, जो दर्शकों को हैरान करती है। फिल्म में एक पति के रोल में माधवन नजर आए।

### शैतान

साल 2024 में रिलीज हुई फिल्म 'शैतान' में माधवन ने एक नेगेटिव रोल किया, जो शैतानी शक्तियों का मालिक है। इस फिल्म में अजय देवगन और ज्योतिका जैसे एक्टर्स भी लीड रोल में दिखे। इस सुपरनेचुरल हॉरर फिल्म में माधवन दर्शकों को डराने में कामयाब रहे। फिल्म को विकास बहल ने निर्देशित किया था।

### हिसाब बराबर

साल 2024 में ओटीटी पर रिलीज हुई फिल्म 'हिसाब बराबर' में माधवन ने एक रेल्वे टिकट चेकर का रोल किया, जो एक बड़े घोटाले को सामने लाता है। एक आम आदमी होकर वह भ्रष्टाचार करने वालों से कैसे लड़ता है, यही इस फिल्म की कहानी है। फिल्म को अश्विनी धीर ने निर्देशित किया, इसमें नील नितिन मुकेश नेगेटिव रोल में नजर आए।

### केसरी 2

हाल ही में फिल्म 'केसरी 2' में माधवन नजर आए। यह फिल्म जलियांवाला बाग नरसंहार पर आधारित एक कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म रही। इसमें अक्षय कुमार ने वकील सी शंकरन नायर का रोल किया जो इस केस को लड़ते हैं। वहीं ब्रिटिश सरकार की तरफ से यह केस माधवन का किरदार लड़ता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in